सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

मैनुअल–1

परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड

संगठन की विशिष्ठियां, कृत्य और कर्तव्य।

परिवहन विभाग का इतिहास

सन् 1914 में मोटरयानों से सम्बन्धित प्रथम अधिनियम द्वारा पुलिस विभाग को सवारी एवं माल वाहनों के संचालन को नियंत्रित करने के पूर्ण अधिकार दिये गये थे। बस सेवाओं के परिवहन को विनियमित करने की दृष्टि से तद्पश्चात भारत सरकार द्वारा मोटरयान अधिनियम, 1939 अधिनियमित किया गया। इसके द्वारा सार्वजनिक सेवायानों का प्रशासन एवं नियंत्रण पुलिस विभाग से स्थानान्तरित कर सांविधिक संस्थाओं यथा, प्रान्तीय परिवहन प्राधिकरण और सम्भागीय परिवहन प्राधिकरणों को दिया गया तथा राजस्व परिषद् को प्रान्तीय परिवहन प्राधिकरण और मण्डलायुक्त को सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण बनाया गया।

1.2– राज्य में सड़क परिवहन उद्योग को नियमित करने, नियंत्रण व्यवस्था को पुनर्गठित करने और मोटरयान कानूनों का दक्षता पूर्वक प्रशासन करने का कार्य सन् 1945 में किया गया। इसके परिणामस्वरूप फरवरी, 1945 में परिवहन आयुक्त कार्यालय सृजित हुआ। रेल और सड़क परिवहन के मध्य समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से उसी साल अप्रैल में सचिवालय में अलग से परिवहन विभाग स्थापित हुआ।

1.3– मोटर गाडियों की और उनके स्पेयर पार्टस की बिक्री पर नियंत्रण का कार्य जो लोक निर्माण विभाग द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध प्रारम्भ होने के समय से किया जा रहा था, परिवहन विभाग द्वारा ले लिया गया। पुनर्गठन की इस प्रक्रिया में मोटरगाडियों का पंजीयन, मोटरगाडियों के ड्राइवरों का अनुज्ञापन, मोटर गाडियों पर करारोपण और वास्तविक रूप से राज्य में मोटर कानूनों का समस्त प्रशासन जैसे मोटरगाडी अधिनियम, 1939 उत्तर प्रदेश मोटरगाडी नियमावली, 1940 संयुक्त प्रान्त मोटरगाडी कराधान अधिनियम, 1935 व संयुक्त प्रान्त मोटरगाडी कराधान नियमावली, 1935 का कार्य परिवहन विभाग में केन्द्रित हो गया। इससे मोटरगाडियों के पंजीयन और मोटर गाडियों के ड्राइवरों का अनुज्ञापन से सम्बन्धित जिला पुलिस अधिकारी के अधिकार समाप्त हो गये। इस प्रकार पुनर्गठित ढांचे में सदस्य राजस्व परिषद् के स्थान पर परिवहन आयुक्त

प्रान्तीय (बाद में राज्य) परिवहन प्राधिकरण के अध्यक्ष हो गये और अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग लखनऊ के स्थान पर उप परिवहन आयुक्त (प्रशासन) द्वारा प्राधिकरण के सदस्य सचिव का कार्यभार ग्रहण किया गया। मण्डल स्तर पर मण्डलायुक्त, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण के अध्यक्ष बने रहे किन्तु विभाग के सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा अतिरिक्त आयुक्त या डिप्टी कलेक्टर से सदस्य सचिव का कार्यभार ले लिया गया। इसके अतिरिक्त सम्भागीय परिवहन अधिकारियों को रजिस्ट्रीकर्ता, अनुज्ञापन और कराधान प्राधिकारियों का दाायित्व भी सौंपा गया। साथ ही साथ मोटर कानूनों के सघन प्रवर्तन हेतु परिवहन विभाग में ही प्रवर्तन शाखा भी स्थापित की गयी और प्रवर्तन का कार्य राज्य के पुलिस विभाग से लिये गये कार्मिको से कराया जाता रहा। वर्ष 1959 में इस शाखा का पुनर्गठन किया गया और पुलिस कार्मिकों के स्थान पर विभागीय कार्मिकों की प्रतिस्थापना की गयी।

1.4– मोटरगाडियों की यांत्रिक दशा पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु सम्भागीय परिवहन अधिकारियों को प्राविधिक निरीक्षक दिये गये। वर्ष 1954 में मोटर गाडियों विषयक सम्भागीय परिवहन प्राधिकरणों के निर्णयों के विरूद्ध अपील निर्णीत करने हेतु अपीलीय संस्था के स्थान पर अधिकरण स्थापित किया गया। इसमें पुनः अग्रतर संशोधन करते हुए मोटरयान अधिनियम, 1939 की धारा–64 के अधीन समस्त अपील निर्णीत करने हेतु राजस्व परिषद् को राज्य परिवहन अधिकरण (State Transport Tribunal) नियुक्त किया गया।

1.5– सड़क परिवहन के वित्तीय एवं प्रबंधन में निजी संचालको की हिस्सेदारी प्राप्त करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा ज्वाइन्ट स्टाक कंपनियाँ भी स्थापित की गयी थी। लेकिन निजी संचालक ऐसी ज्वाइन्ट स्टाक कम्पनियों में जाने से हिचकते रहे और सरकार द्वारा अन्ततः मई 1947 में राज्य उपक्रम के रूप में राष्ट्रीयकृत सड़क परिवहन की स्कीम प्रारम्भ की गयी। इस प्रकार आरामदायक, सस्ती और दक्ष परिवहन सेवा उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार रोडवेज की स्थापना हुई। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1951 में राज्य सड़क परिवहन अधिनियम अधिनियमित किया गया। इस अधिनियम को निजी संचालकों द्वारा न्यायालय में चुनौती दी गयी। अंततः वर्ष 1954 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा इसे गैर कानूनी घोषित किया गया। राष्ट्रीयकृत सड़क परिवहन स्कीम के समक्ष उत्पन्न हुई इस विधिक कमी को दूर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा

उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन सेवा अध्यादेश, 1955 प्रख्यापित किया गया। जिसे बाद में उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन सेवा (विकास) अधिनियम, 1955 के रूप में अधिनियमित किया गया। पूरे देश में एकरूपता लाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा भी वर्ष 1957 में मोटरयान अधिनियम, 1939 में संशोधन कर इस अधिनियम में अध्याय 4–ए जोड़कर राष्ट्रीयकृत सेवाओं के लिए मार्ग अधिग्रहीत करने की प्रक्रिया विहित की गयी। तब से उत्तर प्रदेश सरकार रोडवेज व बाद में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का विस्तार मोटरयान अधिनियम की व्यवस्थाओं के अनुरूप किया जाता रहा है।

2– राज्य में नागरिक उड्डयन को बढ़ावा देने का कार्य भी परिवहन विभाग को सौंपा गया था। राज्य में नवम्बर, 1946 में एक फ्लांइग क्लब संगठित किया गया था जिसे 'हिन्द फ्लांइग क्लब लिमिटेड' लखनऊ के नाम से रजिस्ट्रीकृत किया गया था। राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विषय, मूलतः वर्ष 1956 मे प्लानिंग संगठन में लिया गया था, बाद में अगस्त, 1961 मे उसको परिवहन आयुक्त के प्रभार के अधीन लाया गया। वर्ष 1962 में आपात स्थिति उत्पन्न होने के कारण इस योजना पर गम्भीर प्रतिगामी प्रभाव पडा। तब उस समय इसे लगभग परित्याग कर दिया गया, निर्माण योजना त्याग दी गयी और कई फील्ड आफीसेस बंद कर दिये गये। इस संगठन को बाद में सीमित सीमा तक पुर्नजीवित किया गया। यद्यपि वर्ष 1965 मे एक पूर्ण पर्यटन निदेशालय स्थापित किया गया जिसमें पूर्ण कालिक निदेशक और उसकी सहायता के लिए उपनिदेशक (पर्यटन) नियुक्त किया गया था किन्तु पुरानी स्थिति पुनः स्थापित हो गयी और वर्ष 1967 में पुनः उपनिदेशक के अधीन इसका सीधा प्रभार रखते हुए इसे पुनः परिवहन आयुक्त के नियंत्रणाधीन कर दिया गया। उप निदेशक के इस पद को तदंनतर उप परिवहन आयुक्त (पर्यटन) का पदनाम दिया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश मोटरगाड़ी (यात्रीकर) अधिनियम और नियमावली, 1962 और उत्तर प्रदेश मोटरगाडी (मालकर) अधिनियम और नियमावली, 1964 का प्रशासन भी परिवहन आयुक्त संगठन को सौंपा गया कालान्तर में पर्यटन के लिए पृथक विभाग सृजित किया गया और पर्यटन निदेशक इसके विभागाध्यक्ष बनाये गये।

3– परिवहन विभाग (पोर्टफोलियो) परिवहन मंत्री के पास रहा और तत्समय विभाग का सचिवालय का संगठन इस प्रकार रहाः–

3.1– सचिव, विशेष सचिव, उप सचिव और अधीक्षक। परिवहन विभाग वर्ष 1960 में दो अनुभागों में विभाजित किया गया था। इसके द्वारा मुख्यतः निम्न कार्य देखे जाते थे :–

3.2– परिवहन (क विभाग)

उत्तर प्रदेश सरकार रोडवेज संगठन और रोडवेज केन्द्रीय कार्यशालायें, रोड़वेज बोर्ड, रेल–सड़क समन्वय, रेलवे यूजर्स सलाहकार समिति, श्रम कानून, राष्ट्रीयकरण और रोडवेज गाडियों से होने वाली दुर्घटनायें।

3.3– परिवहन (ख विभाग)

मोटर गाड़ियों तथा परिवहन अधिनियमों और नियमों का प्रबन्धन, नागरिक उड्डयन, सी पैसेज अथारिटीज, विधानमण्डल की परिवहन स्थायी समिति, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण और राज्य परिवहन प्राधिकरण, यात्रीकर और मालकर, ओटोमोबाइल एसोसिएशन को कर अधिकारी की शक्तियों का प्रतिनिधायन, अखिल भारतीय सड़क परिवहन उपक्रम कान्फ्रेन्स, पर्यटन, सरकारी विभागों हेतु गाडियों का क्रय एवं आवंटन और उनका अनुरक्षण मोटर कार, स्कूटर आदि का आवंटन और वार्षिक सामान्य रिपोर्ट।

जून, 1972 में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की स्थापना से पूर्व

4– परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ संगठन के प्रशासकीय एवं कार्यकारी मुखिया थे। वह मोटर व कराधान कानूनों का प्रशासन, उत्तर प्रदेश सरकार रोड़वेज का प्रशासन और संचालन तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तरदायी थे। मोटरयान अधिनियम, 1939 के अधीन गठित राज्य परिवहन प्राधिकरण का अध्यक्ष थे। सडक परिवहन सेवाओं के विस्तार से सम्बन्धित सभी स्कीम और उत्तर प्रदेश सरकार रोडवेज द्वारा पूर्णतया या आंशिक रूप से संचालित मार्गो पर निजी संचालकों को उनकी बसे संचालित करने की अनुमति देने विषयक मामलों को राज्य परिवहन उपक्रम या शासन को प्रस्तुत करने से पूर्व परिवहन आयुक्त की सहमति आवश्यक थी। उस समय विभाग की गतिविधियाँ मुख्य रूप से दो शाखाओं में विभाजित थी :–

4.1– प्रशासकीय या रोडवेज के भिन्न शाखा जो मोटर कानूनों और विभिन्न कराधान कानूनों के प्रशासन और प्रवर्तन के लिए उत्तरदायी थी और दूसरी रोडवेज शाखा जो राष्ट्रीयकृत सड़क परिवहन और प्रवर्तन का कार्य करती थी।

4.2– उत्तर प्रदेश राज्य में तत्समय परिवहन आयुक्त की सहायता के लिए मुख्यालय पर नौ उप परिवहन आयुक्त थे। जिनमें से चार प्रशासन से सम्बन्धित थे। (1) उप परिवहन

आयुक्त (प्रशासन) जिसकी सहायता के लिए सहायक परिवहन आयुक्त (प्रशासन) था, परिवहन आयुक्त कार्यालय मुख्यालय और सम्भागीय परिवहन कार्यालयों का प्रशासनिक प्रभारी (इन्चार्ज) था। उप परिवहन आयुक्त (प्रशासन) राज्य परिवहन प्राधिकरण का सदस्य सचिव भी था। (2) उप परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) की सहायता के लिए सहायक परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) और सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) थे, उप परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) सम्भागीय परिवहन कार्यालयों में प्रवर्तनकार्यो का नियंत्रण और प्रशासन का उत्तरदायी था। (3) उप परिवहन आयुक्त (प्राविधिक) रोडवेज को छोड़कर समस्त सरकारी विभागों के लिए मोटरगाडियों की खरीद की व्यवस्था, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) द्वारा गाडियों का निरीक्षण और अन्य सरकारी विभागों की गाडियों की मरम्मत से सम्बन्धित कार्यो का नियंत्रण का उत्तरदायी था। (4) उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर और मालकर) इन करों की वसूली का पर्यवेक्षण करता था। उसकी सहायता के लिए सहायक परिवहन आयुक्त (मालकर) था।

4.3– रोडवेज शाखा से सम्बन्धित कार्य उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के गठन से पूर्व पांच उप परिवहन आयुक्तों द्वारा देखा जाता था। (1) उप परिवहन आयुक्त (रोडवेज) रोडवेज कार्यशालाओं का संगठन, मोटरगाड़ियों व स्टोर की खरीद से सम्बन्धित समस्त प्रशासकीय माामलों का प्रभारी था। (2) उसकी सहायता के लिए सहायक परिवहन आयुक्त (प्राविधिक) और स्टोर सत्यापन अधिकारी थे, उप परिवहन आयुक्त (रोडवेज परिचालन) नान टैक्निकल रोड़वेज कार्मिकों के समस्त स्थापना सम्बन्धी मामलों और रोड़वेज परिचालन पर नियंत्रण से सम्बन्धित मामलों के प्रभारी थे। (3) उप परिवहन आयुक्त (रोड़वेज–विकास) रोड़वेज सेवाओं का विकास, रोड़वेज संगठन पर श्रम कानूनों को लागू करना, जन सम्पर्क का कार्य देखते थे। वह मोटर कार (वितरण और बिक्री) कन्ट्रोल आर्डर,1959, स्कूटर (वितरण और बिक्री) कन्ट्रोल आर्डर, 1960 और वाणिज्यिक गाडी (वितरण और बिक्री) कन्ट्रोल आर्डर ,1963 के अधीन राज्य (नियंत्रक) भी थे। उनकी सहायता के लिए सहायक परिवहन आयुक्त (रोड़वेज–सामान्य) था। (4) उप परिवहन आयुक्त (लेखा) वित्तीय मामलों में परिवहन आयुक्त के परामर्शदाता के रूप मे कार्य करता था। वह वाणिज्यिक लेखा नियंत्रित करता था और लाभ और हानि की लेखा की स्क्रूटनी करने व रोड़वेज संगठन की बैलेंस शीट तैयार के लिए उत्तरदायी था। उसकी सहायता के लिए मुख्यालय पर मुख्य लेखाधिकारी, लेखाधिकारी और सहायक

लेखाधिकारी, विभाग के मैनुअल्स और नियमों को तैयार करने के लिए उप महाप्रबन्धक स्तर का एक अधिकारी तैनात भी था। (5) उप परिवहन आयुक्त (पर्यटन) राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने का कार्य देखता था, उसकी सहायता के लिए एक जन सम्पर्क अधिकारी था।

4.4– भवन निर्माण से सम्बन्धित कार्य के लिए मुख्यालय पर अधिशासी अभियंता था जिसकी सहायता के लिए सहायक अभियंता थे।

4.5– परिवहन आयुक्त की सहायता के लिए सहायक महाप्रबन्धक (रोड़वेज) स्तर का एक वैयक्तिक सहायक भी था।

4.6– तत्समय परिवहन आयुक्त, उप परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उप परिवहन आयुक्त (रोड़वेज), उप परिवहन आयुक्त (रोड़वेज परिचालन), उप परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन),उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर और मालकर), सहायक परिवहन आयुक्त (प्रशासन) और सहायक परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) को मोटरयान अधिनियम, 1939 के अधीन ड्राइवर और कन्डक्टर अनुज्ञप्ति का निरीक्षण करने, उस अधिनियम की धारा 87 (1) (क) के अधीन मोटरगाडी को रोकने, धारा–88 और 98 (ख) के अधीन मोटरगाडी के स्वामी, ड्राइवर और कन्डक्टर से पूछताछ करने, धारा 106 (1) के अधीन बीमा प्रमाण–पत्र की जाँच करने, ऐसे व्यक्ति को जो अपने वाहन को खतरनाक हालत में मादक पदार्थो के प्रभाव के अधीन चलाता हो, प्राधिकार के मांगे जाने पर गलत नाम और पता दे या जिसके मांगने की संभावना हो या जो शमन प्राप्त करने में आनाकानी करें को धारा–128 के अधीन बिना वांरट के गिरफ्तार करने, धारा–129 के अधीन चालक अनुज्ञाप्ति और गाड़ी से सम्बन्धित कागजात जब्त करने और अधिनियम के धारा–129 (ए) के अधीन बिना रजिष्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र या परमिट के बिना प्रयुक्त होने वाली मोटरगाडी को निरुद्ध करने के अधिकार प्रतिनिधानित थे।

4.7– यद्यपि क्षेत्रीय और उससे नीचे स्तर पर विभाग स्पष्ट रूप से दो शाखाओं में विभाजित था। तथापि मुख्यालय स्तर पर परिवहन कार्यालय में इस तरह का कोई स्पष्ट विभाजन नही था। वर्ष 1969 में वह निम्न अनुभागों में विभाजित था :–

(क) <u>रोड़वेज से भिन्न अनुभाग</u> :– यह अनन्य रूप से मोटरगाडियों और कराधान कानूनों के प्रशासन और प्रवर्तन से सम्बन्धित कार्य करते थे।

4.8— राज्य परिवहन प्राधिकरण अनुभाग :— यह अनुभाग उप परिवहन आयुक्त (प्रशासन) के प्रभार के अधीन था और मोटरयान अधिनियम, 1939 उत्तर प्रदेश मोटर वेहिकिल रूल्स, 1940 और संयुक्त प्रांत मोटर वेहिकिल टैक्सेशन एक्ट और रूल्स 1935 का प्रशासन, परिवहन कानूनों की व्याख्या और कर अपील, राज्य परिवहन प्राधिकरण और अधिकरण के अधीन मामले, किराया और भाडा दरें, पडोसी राज्यों के साथ पारस्परिक समझौते, राज्य परिवहन आयुक्तों की कान्फ्रेन्स, परिवहन विकास परिषद्, मोटर कानूनों से सम्बन्धित न्यायिक मामलें (कोर्ट केसेज), सडक दुर्घटना में प्रतिकर का भुगतान, रेल सड़क समन्वय और नागरिक उड्डयन के विकास हेतु अनुदान से सम्बन्धित नियमों को देखता था।

4.9— प्रवर्तन अनुभाग :— यह अनुभाग उप परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) के प्रभार के अधीन था। मोटरगाड़ियों और कराधान कानूनों के प्रवर्तन से सम्बन्धित मामलें, प्रवर्तन अधिकारियों यथा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), सहायक लोक अभियोजक और अन्य प्रवर्तन दल स्टाफ से सम्बन्धित स्थापना के मामलें देखता था, इसके साथ ही वह मुख्य रूप से प्रवर्तन दलों के कार्य कलापों का मुल्यांकन करने के लिए उत्तरदायी था।

4.10— यात्री और मालकर अनुभाग :— यह उत्तर प्रदेश मोटरगाडी यात्रीकर अधिनियम, उत्तर प्रदेश मोटरगाडी मालकर अधिनियम और उसके अधीन बनाये गये नियमों के प्रशासन एवं प्रवर्तन का कार्य करता था। यह अनुभाग उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर और मालकर) के प्रभार के अधीन था। फील्ड स्तर पर यह कार्य यात्रीकर अधिकारी, यात्रीकर अधीक्षक द्वारा किया जाता था।

(ख)— <u>रोड़वेज शाखा के अनुभाग</u> :— यह केवल उत्तर प्रदेश सरकार रोड़वेज के प्रशासन और परिचालन से सम्बन्धित कार्य देखते थे।

4.11— रोड़वेज अनुभाग :— यह अनुभाग उप परिवहन आयुक्त (रोड़वेज विकास) के प्रभार के अधीन था। यह रोड़वेज परिचालन हेतु नये मार्गो का अधिग्रहण (राष्ट्रीयकरण) करना और उससे सम्बन्धित कोर्ट कैसेज, रोडवेज के विरूद्ध शिकायतें, ड्राइवर और प्राविधिक स्टाफ को पुरस्कार और प्रोत्साहन योजनायें, रोड़वेज गाडियों से होने वाली दुर्घटनांए और प्रतिकर, क्लेम सेटलमेन्ट, रेलवे आउट ऐजन्सी, डाक भेजने हेतु ठेके, स्टाफ वैल फेयर स्कीम रोड़वेज बोर्ड के साथ बैठके, सम्भागीय परामर्शी समितियां, रोड़वेज

महाप्रबन्धकों की बैठक, सडक परिवहन उपक्रमों की अन्तर्राज्यीय कान्फ्रेन्स, वी0आई0पी0 अन्य महानुभावों के लिए परिवहन की व्यवस्था करने से सम्बन्धित कार्य करता था।

4.12– रोड़वेज अधिष्ठान अनुभाग और रोड़वेज अनुशासनिक अनुभाग :– उप परिवहन आयुक्त (रोड़वेज) को तकनीकी स्टाफ और उप परिवहन आयुक्त (रोडवेज परिचालन) को तकनीकी स्टाफ से भिन्न स्टाफ का कार्य आंवटित था।

रोड़वेज अधिष्ठान अनुभाग ऐसे समस्त राजपत्रित अधिकारियों और कर्मियों जिसकी नियुक्ति एवं अपील प्राधिकारी के अधिकार उप परिवहन आयुक्त (रोड़वेज), उप परिवहन आयुक्त (रोडवेज परिचालन) या परिवहन आयुक्त को थे, के अधिष्ठान से सम्बन्धित मामलों को देखता था।

रोड़वेज अनुशासनिक अनुभाग कर्मियों के समस्त अनुशासनिक मामलों को देखता था।

4.13– रोड़वेज वाणिज्यिक लेखा अनुभाग और लेखा अनुभाग :– यह अनुभाग उप परिवहन आयुक्त लेखा के प्रभार के अधीन था रोड़वेज संगठन सरकारी विभाग की तरह था। इसके कार्य वाणिज्यिक प्रकृति के थे, रोड़वेज का लेखा सरकारी कम वाणिज्यिक लेखा सिस्टम पर आधारित था। रोड़वेज वाणिज्यिक लेखा अनुभाग लेखा को डबल इन्ट्री सिस्टम में रखता था और बैंलेंसशीट तैयार करता था। इसका कार्य रोड़वेज के परिचालन में हानि और लाभ के कारकों पर सतर्क नजर रखना था।

रोड़वेज लेखा अनुभाग बजट से सम्बन्धित मामले, रोड़वेज अनुभागों में लेखा अधिकारियों, सहायक लेखा अधिकारियों और गैर वाणिज्यिक लेखाकारों का अधिष्ठान, और रोड़वेज के अधिकारियों और कर्मियों का यात्रा भत्ता, फन्ड अलाटमैन्ट और रोड़वेज संगठन के ऊपर वित्तीय नियंत्रण रखने का कार्य करता था। सरकारी और वाणिज्यिक लेखा के बीच समन्वय करना इसका एक प्रमुख कार्य था।

4.14– भवन अनुभाग :– यह अनुभाग अधिशासी अभियंता के प्रभार के अधीन रोड़वेज भवनों का निर्माण और अनुरक्षण से सम्बन्धित मामलों को देखता था स्थानीय स्तर पर कार्यो का पर्यवेक्षण करने हेतु चार सहायक अभियंता कतिपय सम्भागीय मुख्यालयों पर तैनात थे।

(ग) <u>मिलेजुले अनुभाग</u> :– ये अनुभाग मुख्यालय पर रोड़वेज और रोड़वेज से भिन्न शाखाओं दोनों से सम्बन्धित कार्य देखते थे।

4.15– अधिष्ठान अनुभाग और लेखा अनुभाग :– यह अनुभाग उप परिवहन आयुक्त (प्रशासन) के प्रभार के अधीन था जिन्हें व्यैक्तिक सहायक परिवहन आयुक्त द्वारा भी सहायता दी जाती थी, जिनके पास आहरण और वितरण अधिकार था। अधिष्ठान अनुभाग परिवहन आयुक्त मुख्यालय और सम्भागीय परिवहन शाखाओं के कार्यालयों से सम्बन्धित सभी प्रशासनिक मामलों को देखता था। लेखा अनुभाग परिवहन आयुक्त मुख्यालय और सम्भागीय परिवहन शाखाओं (प्रवर्तन शाखा के सिवाय) के सभी लेखा मामलों को देखता था।

4.16– प्राविधिक अनुभाग :– इस अनुभाग में चार उप अनुभाग यथा (क) गाड़ियाँ (ख) प्राविधिक (ग) मोटर यातायात और (घ) वेहिकिल कन्ट्रोल आर्ड़र उप अनुभाग थे। गाडियाँ उप अनुभाग को रोड़वेज और अन्य सरकारी विभागों के लिए मोटर गाडियों की खरीद व स्टोर, सरेन्डर्ड पूल की गाड़ियों का आवंटन, मरम्मत और ट्रान्सफर, सभी सरकारी गाड़ियों की मरम्मत और बाडी बनाना तथा राहत कार्यो के लिए गाडियों की आपूर्ति विषयक कार्य आवंटित था।

प्राविधिक उप अनुभाग को सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) के निरीक्षण कार्यक्रमों और उनकी निरीक्षण आख्यानों का कार्य आवंटित था। यह दोनों उप अनुभाग, उप परिवहन आयुक्त (प्राविधिक) के प्रभार के अधीन थे।

मोटर यातायात उप अनुभाग को उत्तर प्रदेश सरकार रोड़वेज के लिए गाड़ियों की खरीद स्पेयर्स पार्ट्स ऐसेम्बली और स्पेयर्स पार्ट्स स्टोर, कार्यशालाओं का सत्यापन वर्क मेन्स कम्पनसेंशन एक्ट के अधीन औद्योगिक दुर्घटना कवर, रोड़वेज गाडियों का टैक्निकल ड्रावैक्स (Drawbacks) और उनकी कार्यशीलता आदि के कार्य आवंटित थे। यह उप परिवहन आयुक्त रोड़वेज के प्रभार के अधीन था। जिसकी सहायता के लिए सहायक परिवहन आयुक्त (प्राविधिक) और स्टोर सत्यापन अधिकारी थे। वेहिकिल कन्ट्रोल आर्डर उप अनुभाग को सरकारी कोटे में से कार, स्कूटर आदि के आवंटन से सम्बन्धित कार्य आवंटित था। यह उप परिवहन आयुक्त (रोड़वेज विकास) के प्रभार के अधीन था।

4.17– विविध अनुभाग :– इस अनुभाग को टेलीफोन, सभी विविध मदों जैसे फर्नीचर, टाइपराइटर, यूनीफार्मस, स्टेशनरी की स्वीकृति और खरीद आदि, रोड़वेज के लिए भवन किराये पर लेना, सरकारी गाडियों की मरम्मत और अनुरक्षण के लिए गैराजों की स्वीकृति और विभागीय गाडियों का निरीक्षण, मरम्मत और निष्प्रयोज्य घोषित करने का कार्य

आवंटित था। यह अनुभाग उप परिवहन आयुक्त (रोड़वेज विकास) के प्रभार के अधीन था। इन कार्यो में उनकी सहायता प्राविधिक निरीक्षक द्वारा की जाती थी।

4.18– सांख्यिकी अनुभाग :– यह अनुभाग निजी क्षेत्र (प्राइवेट सेक्टर) में सडक परिवहन सहित परिवहन आयुक्त संगठन की समस्त शाखाओं का सांख्यिकीय डाटा का कलेक्शन, कम्पाइलेशन और इन्टरप्रीटेशन का कार्य देखता था। जिससे प्राइवेट सेक्टर में सड़क परिवहन सुविधा विकसित करने हेतु उचित नियोजन और कार्यो को तैयार करने में सहायता मिलती थी, प्रकाशन हेतु रिपोर्ट और सामग्री तैयार करना, वार्षिक प्रशासनिक और प्रगति रिपोर्ट तैयार करना और विज्ञापन का कार्य भी इसे आवंटित था। यह सहायक परिवहन आयुक्त (रोड़वेज सामान्य) के प्रभार के अधीन था।

4.19– केन्द्रीय प्राप्तियाँ, निर्गमन, अभिलेख, लाइब्रेरी रिसेप्शन आदि :– यह उप परिवहन आयुक्त (प्रशासन) के प्रभार के अधीन था, तथा सम्पूर्ण कार्यालय के लिए प्रधान सहायक था।

4.20– (घ) <u>पर्यटन</u> :– पर्यटन का विकास, परिवहन सुविधाओं के साथ पूर्णतः जुडा समझा गया और तदनुसार इसे राजकीय रोडवेज के साथ रखा गया। तत्समय जिलों में पर्यटन का कार्य विभिन्न परिक्षेत्रों के जनरल मैनेजर उत्तर प्रदेश सरकारी रोड़वेज के प्रभार मे था। लखनऊ, वाराणसी, आगरा, पौड़ी, नैनीताल, और हरिद्वार में 6 सम्भागीय परिवहन कार्यालय स्थापित थे। पर्यटक विकास की असीम सम्भावनाओं के दृष्टिगत राज्य पांच प्रमुख सेक्टरों यथा आमोद प्रमोद वाला पर्वतीय क्षेत्र, ऐतिहासिक महत्व के स्मारक और स्थान, धार्मिक महत्व के स्थान, बौद्धमठ और वाइल्ड लाइफ में विभाजित किया हुआ था। पर्यटन अनुभाग उप परिवहन आयुक्त (पर्यटन) के प्रभार के अधीन था। इसमें प्रचार अधिकारी थे जो पर्यटकों को उनकी रूचि से सम्बन्धित स्थानो के बारे में सूचना देता था और मार्गदर्शन करता था। इनके लिए परिवहन और ठहरनें की व्यवस्था करता था, टूरिस्ट बंगलों के रूप में निम्न आय होटल्स आगरा, वाराणसी, अयोध्या, हरिद्वार, इलाहाबाद और लखनऊ में बनाये गये थे। हिमालय धार्मिक मार्ग और दर्शनीय स्थलों पर लकड़ी के कैबिन बनाये गये थे। पाण्डुकेशर, घंधरिया, गौना, बिरही, पौड़ी (कन्डोलियाँ) ग्वालदम, लोकपाल, फुरकिया, ओंसला, अगोरा, माला, सुखी, भैंरोघाटी, गंगोत्री, हनुमानगंगा, यमनोत्री, कपकोट, चीना पीक (नैनीताल), सहस्त्रधारा (देहरादून), ताड़ीखेत (अल्मोड़ा), काम्पील (फारूखाबाद), भीमताल, काठगोदाम, लैन्सडौन, वयनधाम (मिर्जापुर),

टांडा (मिर्जापुर), अष्टभुजा, शीतलाखेत और चिनहट (लखनऊ) में रेस्ट हाउस बनाये गये थे। गर्मी के मौसम में लंघम हाउस नैनीताल में एक ट्रांजिट कैम्प भी चलाया जाता था।

4.21– परिवहन विभाग के सतर्कता और विकास कोष्ठ (इन्टेलीजेन्स एण्ड इवैल्युएशन सैल) द्वारा उच्च दक्षता, उत्पादकता और कार्यो का त्वरित निस्तारण की दृष्टि से परिवहन आयुक्त कार्यालय उत्तर प्रदेश को पुनर्गठित और तर्क संगत बनाये जाने के लिए कतिपय प्रस्ताव किये गये थे। इन प्रस्तावो और समस्याओं का अध्ययन करने के लिए शासन (परिवहन (क) विभाग) द्वारा जून 1967 में कमेटी नियुक्त की गयी थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट जून 1969 में प्रस्तुत की थी। उसने परिवहन आयुक्त कार्यालय को रोड़वेज और नान रोड़वेज शाखाओं में विभाजित करने के प्रश्न सहित मामले के समस्त पहलुओं पर विचार किया था। इससे पूर्व सड़क परिवहन के पुनर्गठन हेतु भारत सरकार द्वारा गठित मसानी कमेटी द्वारा भी राज्य सड़क परिवहन उपक्रम का संचालन और मोटर गाडी कानून का प्रवर्तन/प्रशासन को एक दूसरे से अलग–अलग स्वतंत्र करने की संस्तुति की गयी थी। परिवहन संगठन की दोनों शाखाओं की संयुक्त कार्य प्रणाली की प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्त के साथ–साथ विधिक आधार पर भी आलोचनायें होती थी। परिवहन आयुक्त का पूरा संगठन उल्लेखनीय रूप से विस्तृत होने और उसकी संयुक्त कार्यप्रणाली के कारण कार्य के निस्तारण में सामान्यतया विलम्ब और कार्य दक्षता का ह्रास होता समझा गया। ऐसी कार्यप्रणाली द्वारा उत्तर प्रदेश सरकारी रोड़वेज, जो व्यवसायिक व्यवहार व सिद्धान्त से चलनी चाहिए थी के कार्य को विपरीत रूप से प्रभावित किया गया। उक्त स्थिति में प्रश्नगत समिति द्वारा परिवहन आयुक्त मुख्यालय कार्यालय को दो अलग–अलग विभागों यथा रोड़वेज और नान रोड़वेज विभागों के रूप में विभाजित करने की संस्तुति की गयी थी। नान रोड़वेज नकारात्मक नामकरण होने से इसे परिवहन विभाग या ट्रान्सपोर्ट विभाग कहे जाने की संस्तुति भी समिति द्वारा की गयी थी। परिवहन विभाग का कार्य राज्य परिवहन प्राधिकरण, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, यात्रीकर और मालकर, मोटरगाडी कानूनों का प्रशासन, प्रवर्तन शाखा और प्राइवेट सेक्टर ट्रान्सपोर्ट से सम्बन्धित रखे जाने की संस्तुति की गयी थी। इसी प्रकार समिति द्वारा रोड़वेज डिपार्टमेन्ट उत्तर प्रदेश सरकार रोड़वेज रखे जाने की संस्तुति की गयी थी। समिति ने इसके अतिरिक्त अन्य संस्तुतियां भी की थी, जिसमें अन्य के अतिरिक्त रोडवेज

में नान रोडवेज स्टाफ की आंतरिक अदला–बदली को समाप्त करते हुए मुख्यालय कार्यालय पर उपर्युक्त दो विभागों में उसके स्पष्ट विभाजन की संस्तुति भी थी।

प्रस्तावित परिवहन विभाग के लिए परिवहन नियंत्रण (सांख्यिकी) कोष्ठ सहित, कर, स्थापना, लेखा और प्राविधिक अनुभाग और सामान्य प्रशासन अनुभाग व प्रवर्तन कार्य संस्तुत थे।

प्रस्तावित रोड़वेज डिपार्टमेन्ट में विभिन्न शाखायें और अनुभाग यथा समान्य प्रशासन अनुभाग, स्थापना और परिचालन शाखा स्थापना सहित, अनुशासनिक जांच, यातायात (ट्रैफिक) और परिचालन, श्रमिक मामलें और जन सम्पर्क अनुभाग एवं इन्जीनियरिंग एवं स्टोर अनुभाग, नियोजन और विकास अनुभाग, वित्त आडिट और लेखा शाखा जिसमें लेखा और वाणिज्यिक लेखा अनुभाग, सांख्यिकी और ऑपरेशनल रिसर्च सेक्शन प्रबन्धक, आडिट इवैल्युएशन एण्ड ओ एण्ड एम ब्रांच, विधिक मामले और मुकदमा शाखा और भवन अनुभाग सस्तुत थे।

सम्भागीय परिवहन संगठन

5– वर्ष 1969 में उत्तर प्रदेश में दस सम्भाग लखनऊ, इलाहाबाद, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, बरेली, आगरा, मेरठ, देहरादून, और नैनीताल में थे। प्रत्येक सम्भाग सम्भागीय परिवहन अधिकारी के अधीन रखा गया था। जिसकी सहायता के लिए सम्भाग मुख्यालय पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) की तैनाती की गयी थी। लखनऊ सम्भाग के लिए फैजाबाद मे तथा कानपुर सम्भाग के लिए झांसी में उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय स्थापित किये गये थे। प्रत्येक उप सम्भागीय कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के प्रभार के अधीन रखा गया था। सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण का सदस्य सचिव था। उसे और सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारियों को तत्समय प्रवृत्त मोटरयान अधिनियम, 1939 उत्तर प्रदेश मोटर्स वेहिकिल्स रूल्स 1940 के अधीन रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी और अनुज्ञापन प्राधिकारी, के अधिकार प्रतिनिधानित किये गये। उन्हें यू0पी0 मोटर गाडी कराधान अधिनियम और नियमावली 1935 के अधीन कर अधिकारी के अधिकार भी दिये गये थे। वह अस्थाई परमिट जारी करने के लिए भी प्राधिकृत था। सम्भागीय और सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी तथा सम्भागीय व सहायक सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अग्रिम रूप से प्रसारित प्रोग्राम के अनुरूप दौरा करते और इन दौरो के दौरान वे

शिकायतों और यातायात समस्याओं के बारे में पूछताछ करते थे। यह दौरे जनता को सम्भागीय मुख्यालय गये बिना मार्ग कर भुगतान करने, अपनी गाडियों का निरीक्षण कराने और ड्राइविंग लाइसेंस पाने की सुविधा प्रदान करते रहे।

5.1– सम्भागीय परिवहन संगठन की गतिविधियां मुख्यतः तीन शाखाओं यथा प्रशासनिक शाखा, प्राविधिक शाखा और प्रवर्तन शाखा में विभाजित रही। प्रत्येक शाखा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी के प्रभार के अधीन रखी गयी।

5.2– <u>प्रशासनिक शाखा</u> :– प्रशासनिक शाखा को ड्राइवर और कन्डक्टर अनुज्ञप्तियों को जारी और नवीकृत करने, गाडियों का रजिस्ट्रीकरण करने, गाडी संचालन हेतु परमिट जारी और नवीकृत करने, मार्गो का वर्गीकरण और अधिसूचित करने और सम्भागीय परिवहन कार्यालय का लेखा और सामान्य प्रशासन का कार्य सौंपा गया था।

5.3–<u>प्राविधिक शाखा</u> :– सम्भागीय प्राविधिक निरीक्षक द्वारा सरकारी गाडियों और सम्भागीय व सहायक सम्भागीय निरीक्षक द्वारा निजी गाडियों और सरकारी रोड़वेज की गाडियों व सार्वजनिक सेवायानों का निरीक्षण करने, ठीक हालत मे होने का प्रमाण पत्र देने और डाइविंग लाइसेंस जारी करने हेतु अभ्यर्थी का ड्राइविंग टेस्ट लेने का कार्य सौंपा गया था।

5.4– <u>प्रवर्तन शाखा</u> :– सम्भागीय परिवहन संगठन में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) के प्रभार के अधीन मोटरयान अधिनियम, 1939, उत्तर प्रदेश मोटर्स वेहिकिल्स रूल्स 1940, संयुक्त प्रांत वेहिकिल्स टेक्सेशन एक्ट और रूल्स 1935, उत्तर प्रदेश मोटरगाडी (यात्रीकर) अधिनियम और नियमावली, 1962 और उत्तर प्रदेश मोटरगाडी (मालकर) अधिनियम और नियमावली, 1964 के प्राविधानों को प्रभावी और नियत्रंण करने का कार्य प्रवर्तन शाखा को सौंपा गया। इस कार्य के लिए क्षेत्रीय स्तर पर प्रवर्तन दल गठित किये गये थे। राज्य में 1969 में ऐसे 21 दल कार्यशील थे।सम्भाग स्तर पर 10 सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) के अतिरिक्त लखनऊ सम्भाग में सीतापुर, कानपुर सम्भाग में झांसी, बरेली सम्भाग में मुरादाबाद और नजीबाबाद, और आगरा सम्भाग में अलीगढ़ में एक–एक सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) थे। प्रत्येक सम्भागीय मुख्यालय पर यात्रीकर अधिकारी और मालकर अधिकारी तैनात किये गये थे। जिनका कार्य कर अधीक्षकों की सहायता से अनन्य रूप से सम्बन्धित कराधान अधिनियम और नियम का कार्य देखना रहा। मोटरयान अधिनियम,

1939 के अधीन परिवहन आयुक्त और उप और सहायक परिवहन आयुक्त को प्रतिनिधानित शक्तियों की भाँति सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी और सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) को भी अधिकार प्रतिनिधानित किये गये।

6– तत्समय राज्य में 6 सम्भागीय परिवहन मजिस्ट्रेट थे। जिनका मुख्यालय लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, बरेली, आगरा और मेरठ में था, जो परिवहन गाडियों के अपराधो से सम्बन्धित अभियोगो का निस्तारण करते थे। प्रत्येक मजिस्ट्रेट के साथ एक सहायक लोक अभियोक्ता था जो सम्बन्धित संभागीय परिवहन अधिकारी के नियत्रंणाधीन कार्य करते थे। सम्भागीय परिवहन मजिस्ट्रेट अपनी क्षेत्रान्तर्गत अग्रिम रूप से सूचित प्रोग्राम के अनुसार निम्न स्थानों पर न्यायालय लगाते थे।

मुख्यालय	**न्यायिक प्राधिकार के जिले**
वाराणसी	वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, जौनपुर, और आजमगढ़
इलाहाबाद	इलाहाबाद, मिर्जापुर, प्रतापगढ़
गोरखपुर	गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, गोंडा और बहराईच
आगरा	आगरा, मथुरा और मैनपुरी
अलीगढ़	अलीगढ़, बुलन्दशहर और एटा
कानपुर	कानपुर, फारूखाबाद, फतेहपुर और इटावा
झांसी	झांसी और जालोन
महोवा	हमीरपुर ,बाँदा
मेरठ	मेरठ
मुजफ्फरनगर	मुजफ्फरनगर
सहारनपुर	सहारनपुर
देहरादून	देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी गढ़वाल
बरेली	बरेली, बदायुँ, पीलीभीत और शाहजहाँपुर
हल्द्वानी	नैनीताल, अल्मोडा, पिथौरागढ

मुरादाबाद	मुरादाबाद और रामपुर
नजीबाबाद	पौडी गढवाल और बिजनौर
लखनऊ	राय बरेली, उन्नाव, लखनऊ और बाराबंकी
फैजाबाद	फैजाबाद और सुल्तानपुर
सीतापुर	लखीमपुर खीरी, सीतापुर और हरदोई

उत्तर प्रदेश सरकार रोड़वेज

7– उत्तर प्रदेश सरकार रोड़वेज ग्रामीण व नगर बस दोनों सेवायें परिचालित करती थी। वह विशेष अवसरों के लिए बस उपलब्ध कराती थी। ट्रेन टाइमिंग को दृष्टिगत रखते हुए और आउट एजेन्सी स्थापित करते हुए आर्थिक रूप से उपयोगी मार्गो को परिचालन हेतु अधिग्रहित करते हुए रेल सडक समन्वय स्थापित करने का प्रयास इसके द्वारा किया गया। आउट एजेन्सी आंशिक रूप से रोड़वेज बसों और आंशिक रूप से रेल गाडियों से यात्रा करने के लिए टिकटों की खरीद की सुविधा उपलब्ध कराती थी। निजी संचालको द्वारा जिन मार्गो पर सेवा उपलब्ध करायी जाती उन पर सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा राज्य परिवहन प्राधिकरण की सहमति से मार्गो का वर्गीकरण करते हुए उसका प्रभावी प्रवर्तन कर रेल–रोड समन्वय स्थापित किया जाता था। उत्तर प्रदेश सरकार रोड़वेज के संगठन में 12 परिक्षेत्र थे जिनके मुख्यालय लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, इलाहाबाद, आगरा, अलीगढ़, बरेली, मेरठ, नैनीताल, गोरखपुर, देहरादून, और टनकपुर थे। प्रत्येक परिक्षेत्र जनरल मैनेजर के प्रभार के अधीन था। कानपुर में चीफ मैकनिकल इन्जीनियर के प्रभार के अधीन रोड़वेज केन्द्रीय कार्यशाला बनायी गयी।

7.1– जनरल मैनेजर के पूर्ण नियत्रंणाधीन रोड़वेज परिक्षेत्र के कार्यकलाप चार शाखाओं में विभाजित थे यथा :–

(i) सामान्य प्रशासन–अधिष्ठान मामलों और अन्य आन्तरिक कार्यो हेतु;

(ii) यातायात और परिचालन–श्रम मामले, नियोजन और विकास, सांख्यिकी हेतु;

(iii) कैश, आडिट और लेखा; तथा

(iv) इन्जीनियरिंग और स्टोर।

7.2– प्रथम दो शाखायें जनरल मैनेजर के सीधे पर्यवेक्षण और नियत्रंण मे थी। जबकि कैश, आडिट और लेखा शाखा लेखाधिकारी के पर्यवेक्षण में थी जिसकी सहायता के लिए

कुछ परिक्षेत्रों में सहायक लेखाधिकारी थे। इन्जीनियरिंग और स्टोर शाखा सर्विस मैनेजर के पर्यवेक्षण में रही। ये दोनों अधिकारी वास्तव में जनरल मैनेजर के अधीन शाखा प्रभारी थे। पर्यटन से सम्बन्धित मामलें भी जनरल मैनेजर द्वारा देखे जाते थे जिसकी सहायता के लिए कुछ स्थानों पर परिक्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी थे।

रोड़वेज परिक्षेत्र सेवाओं के परिचालन हेतु उप परिक्षेत्रों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक उप परिक्षेत्र असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर (ट्रैफिक) के प्रभार के अधीन था जो परिचालन सेवाओं को दक्षता से चलाने, जनता की शिकायतों की छानबीन कर उन्हें दूर करने और ट्रैफिक सर्वे आदि के लिए उत्तरदायी था। असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर (ट्रैफिक) की सहायता के लिए ट्रैफिक सुपरटेन्डेन्ट था जो असिस्टेन्ट ट्रैफिक इन्सपेक्टर के कार्यो के पर्यवेक्षण के अतिरिक्त सेवाओं के परिचालन और यातायात से सम्बन्धित समस्त समस्याओं को देखता था ।

7.3– रोड़वेज के उप परिक्षेत्र मे एक या अधिक डिपो रखे गये थे। डिपो प्रशासनिक प्रचालन इकाई थी जो प्रशासन, लेखा, परिचालन में मितव्यता, गाडियों का अनुरक्षण और डिपों प्रचालन लेखा तैयार करने का कार्य करता था। डिपो समय–समय पर विविध गाडियों की संख्या का परिचालन नियंत्रित करता था। डिपो इन्चार्ज, डिपो की परिचालन सीमा और आकार के आधार पर या तो स्टेशन सुपरटेन्डेन्ट या सीनियर स्टेशन इन्चार्ज हो सकता था। वह डिपो का प्रधान था और उसे सेवाओं के सुगम, दक्ष और मितव्ययी प्रचालन के लिये उत्तरदायी बनाया गया। डिपों का कार्यकारी संगठन, परिक्षेत्र की भांति था। इसमें जनरल एडमिनिस्ट्रेशन, ट्रैफिक एण्ड आपरेशनल कैश, एकाउण्टस एण्ड आडिट (व्यवसायिक लेखा और सांख्यिकी सहित), वर्कशाप, और स्टोर थे। जनरल एडमिनिस्ट्रेशन के सिवाय डिपों की अन्य शाखायें बस संचालन की आवश्यकता के अनुरूप सिफ्ट वाइज कार्य करती रही थी। डिपो इन्चार्ज की सहायता के लिए उतनी संख्या मे सीनियर स्टेशन इन्चार्ज, जूनियर स्टेशन इन्चार्ज जिनकी डिपो में परिचालन की सीमा और आकार को ध्यान में रखते हुए आवश्यक समझी गयी रखे गये थे। इसकें अतिरिक्त एक वरिष्ठ/कनिष्ट फोरमैन को डिपो कार्यशाला का इन्चार्ज बनाया गया था। डिपो के स्टोर, सेक्शन का इन्चार्ज स्टोर कीपर और कैश एकाउण्ट और आडिट का इन्चार्ज वाणिज्यिक लेखाकार था। डिपो स्टेशन, सब–डिपो स्टेशन और बस स्टेशन पर आवश्यकतानुसार और उससे परिचालित होने वाले मार्गो को ध्यान में रखते हुए, बुकिंग

कार्यालय खोले गय थे। ये बुकिंग कार्यालय डिपो इन्चार्ज, सब डिपो इन्चार्ज या बस स्टेशन इन्चार्ज के पर्यवेक्षण में कार्य करते थे। इसके अलावा जुनियर स्टेशन इन्चार्ज या बुकिंग क्लर्क के अधीन डिपों स्टेशन के नियंत्रणाधीन अन्य बाह्य स्टेशनों पर बुंकिग आफीसेज खोले गये थे जिसमें समान्यतया बुकिंग क्लर्क, कार्यालय सहायक, लेजर क्लर्क, सहायक कैशियर और चतुर्थ श्रेणी स्टाफ आवश्यकतानुसार रखें गये थे।

परिक्षेत्रीय कार्यशालायें और अनुरक्षण डिपों

7.4– गाड़ियों की मरम्मत और अनुरक्षण के लिये प्रत्येक परिक्षेत्र में एक परिक्षेत्रीय कार्यशाला और कई अनुरक्षण डिपो बनाये गये थे। एक लाख किमी तक चल चुकी गाडियों की भारी मरम्मत, अनुरक्षण और पुनरोद्वार करने का कार्य परिक्षेत्रीय कार्यशाला द्वारा किया जाता था। दुर्घटनाग्रस्त गाडियों की मरम्मत भी क्षेत्रीय कार्यशाला द्वारा किया जाता था। अग्रिम रूप से तैयार किये गये अनुरक्षण शेडयुल के अनुसार अनुरक्षण डिपो, सामान्य अनुरक्षण कार्य करते थे। श्रम नियंत्रण, लूब्रीकेंन्ट व ईधन के मितव्ययी उपयोग को दृष्टिगत रखते हुये परिक्षेत्र की कार्यशालाओं और स्टोर की दक्ष कार्यप्रणाली के लिये सर्विस मैनेजर, जिसकी सहायता के लिये एक सहायक परिवहन इंजीनियर व कहीं–कहीं पर सहायक सर्विस मैनेजर उत्तरदायी थे। परिक्षेत्रीय कार्यशाला में उसके नियंत्रण में एक सीनियर फोरमैन ग्रेड I, एक स्टोर अधीक्षक तथा प्रत्येक डिपो में सीनियर या जूनियर फोरमैन रखे गये थे।

कानपुर में रोड़वेज केन्द्रीय कार्यशाला और केन्द्रीय भण्डार

7.5– बस बाडी का निर्माण करना, इंजन की रीकन्डीशनिंग करना, व अन्य एसेम्बलीज, स्पेयर पार्टस की व्यवस्था करना, टायरों की रीट्रीडिंग करना और गाडियों को रिनोवेट करने के लिए चीफ मैकेनिकल इंजीनियर के प्रभार के अधीन कानपुर में रोडवेज केन्द्रीय कार्यशाला और केन्द्रीय स्टोर संगठन स्थापित किया गया था। केन्द्रीय कार्यशाला की प्रोडक्शन ब्रांच में दो ग्रुप इंजीनियर, सहायक परिवहन इंजीनियर, एक प्रोडक्शन इंजीनियर और कई फोरमैन और अन्य कार्यशाला स्टाफ रखा गया था। कार्यशाला में एक टाइम कार्यालय, डिस्पेंसरी, एक लैबरोट्री, एक ड्राइंग ऑफिस और सुरक्षा स्टाफ रखा गया था। अप्रेन्टिस अधिनियम, 1961 के अधीन अप्रेन्टिस ट्रेंनिग की व्यवस्था सर्विस मैनेजर स्तर के अधिकारी के अधीन अवस्थित की गयी थी। कार्यशाला की लेखा शाखा लेखा अधिकारी के अधीन थी जो स्टोर सहित कार्यशाला का लेखा के पर्यवेक्षण करता

था। उसकी सहायता के लिये दो सहायक लेखाधिकारी थे। स्टोर की उपलब्धता, प्रबन्धन और कन्ज्यूमिंग यूनिट को उसका वितरण, उत्पादित सामग्री का क्वालिटी कन्ट्रोल और स्पेयर पार्ट्स के उपयोग और विभिन्न मुख्य एसेम्बलीज की लाइफ इक्सपेन्टसी नियंत्रण का कार्य स्टोर आफीसर, स्पेयर पार्ट्स कन्ट्रोल ऑफीसर, स्टोर वेरीफिकेशन ऑफीसर, स्टोर सुपरटेन्डेन्ट, के अधीन था।

7.6– सुपरवाइजरी व प्रशासनिक स्टाफ के सिवाय रोडवेज की प्राविधिक और परिचालन शाखाओं में कार्य करने वाला समस्त स्टाफ, कार्यकरण के घन्टे, साप्ताहिक रेस्ट, अवकाश, छुट्टी, ओवर टाइम का भुगतान आदि मामलों में कारखाना अधिनियम, मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम और अन्य श्रम कानूनों से शासित थे।

8– जैसा कि पूर्व मे अवगत कराया गया है कि परिवहन आयुक्त कार्यालय को रोडवेज और नान रोडवेज शाखाओं में विभाजित करने के लिये राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1967 में एक समिति गठित की गयी थी जिसने अपनी रिपोर्ट जून 1969 में दे दी थी। जिस पर व अन्य समस्त स्थितियों पर विचारोपरान्त परिवहन संगठन दो भागों में विभाजित हो गया है– (1) परिवहन विंग और (2) रोडवेज विंग। कालान्तर में रोडवेज विंग दिनांक 1 जून, 1972 से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के रूप में स्थापित हो गया। परिवहन विंग परिवहन आयुक्त के प्रभार के अधीन बना रहा। जिसकी सहायता के लिये मुख्यालय पर तीन अपर परिवहन आयुक्त और कई उप परिवहन आयुक्त व अन्य राजपत्रित अधिकारी थे। राज्य कई परिक्षेत्रों में बंटा था। प्रत्येक परिक्षेत्र उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्रीय (परिक्षेत्र) के प्रभार के अधीन था। पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश में 13 उप परिवहन आयुक्त और उनके अधीन कई उप सम्भागीय अधिकारी थे।

8.1– भारत सरकार की कतिपय महत्वपूर्ण परिषद् और समितियां जिनसे परिवहन विभाग सम्बन्धित है इस प्रकार है :–

परिवहन विकास परिषद् राज्य के परिवहन मंत्री इसके पदेन सदस्य हैं।

8.2– राज्य की महत्वपूर्ण परिवहन प्राधिकरण, समितियां आदि इस प्रकार है–

(1) <u>राज्य परिवहन प्राधिकरण</u> :– मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 68 की उपधारा (3) के अधीन विहित कृत्यों का निर्वहन करने के लिये राज्य सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 68 के अधीन परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता मे राज्य परिवहन अधिकरण का गठन किया गया है। इसमें वर्तमान में इसमें अपर सचिव/अपर विधि परामर्शी, न्याय विभाग,

मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग एवं दिनांक 20.11.2017 से श्री रकित वालिया पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार वालिया ग्रम जगजीतपुर, पोस्ट कनखल जनपद हरिद्वार एवं श्री सुन्दर सिंह रावत वी–9/7 डी वौराडी, नई टिहरी इसके गैर सरकारी सदस्य है। तथा अपर परिवहन आयुक्त इसके सचिव है।

(2) सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण :– मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 68 के अधीन प्रत्येक सम्भाग में मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण गठित है। सम्भागीय परिवहन अधिकारी पदेन सचिव हैं। इसमें दो अन्य सदस्य हैं। उत्तराखण्ड में चार सम्भागीय परिवहन प्राधिकरणों का गठन किया गया है । सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण मोटरयान अधिनियम, 1988 और उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 (यथा उत्तराखण्ड में लागू) के अधीन प्रदत्त अधिकार एवं कृत्यों का निर्वहन करती है।

(3) राज्य परिवहन अपील अधिकरण :– राज्य परिवहन प्राधिकरण एवं सम्भागीय परिवहन प्राधिकरणों के आदेशों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 89 के अधीन राज्य परिवहन अपील अधिकरण द्वारा सुनी जाती है।

(4) उत्तराखण्ड़, सड़क सुरक्षा परिषद :– राज्य स्तर पर सडक यातायात के योजनाबद्ध रूप से विकास तथा सडक यातायात की समस्याओं पर विचार कर शासन को सलाह देने हेतु माननीय परिवहन मंत्री जी की अध्यक्षता में इस परिषद का गठन किया गया है।

9– सड़क परिवहन टैक्नोलॉजी में विकास, यात्री एवं माल परिवहन की रीति में परिवर्तन, देश में सड़क नेटवर्क का विस्तार व विकास और मोटर गाडी प्रबन्धन में विकसित तकनीकी को देखते हुए इस बात की आवश्यकता महसूस हुई कि मोटरयान अधिनियम, 1939 के स्थान पर नया कानून बनाया जाय।

9.1– सड़क परिवहन के विभिन्न पहलुओं पर विभिन्न समितियों जैसे राष्ट्रीय परिवहन नीति समिति, राष्ट्रीय पुलिस आयोग, सड़क सुरक्षा समिति, द्वारा भी विचार किया गया और उनके द्वारा इस कानून को सरल, तर्कसंगत और अध्यावधिक करने की संस्तुतियां की गयी। तद्नुसार मोटर यान अधिनियम, 1939 के समस्त उपबन्धों का पुनरावलोकन करके वर्तमान अधिनियम के स्थान पर नया विधायन तैयार करने के लिये प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु भारत सरकार द्वारा जनवरी, 1984 में एक कार्यकारी दल गठित किया गया। कार्यकारी दल की संस्तुतियों पर सम्यक विचारोपरान्त भारत सरकार द्वारा मोटरयान अधिनियम, 1988 तैयार किया गया। यह अधिनियम मोटरयान अधिनियम, 1939 को

निरसित करते हुये दिनांक 01–07–1989 से प्रवृत्त हुआ। इसके अधीन भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 बनायी गयी, जिसकी व्यवस्थायें सम्पूर्ण देश मे समान रूप से लागू हैं।

9.2– मोटर गाड़ियों पर मार्गकर संयुक्त प्रांत मोटरगाडी कराधान अधिनियम, 1935 सवारी गाडियों पर यात्रीकर, उत्तर प्रदेश मोटरगाडी (यात्रीकर) अधिनियम, 1962 एवं माल वाहनों पर मालकर, उत्तर प्रदेश मोटरगाडी (मालकर) अधिनियम, 1964 के अधीन लिया जाता रहा। कर अधिनियमों की विविधता के कारण उनके प्रशासन मे होने वाली कठिनाई, समस्त वाहन चालकों को एक ही खिड़की पर कर जमा करने की सुविधा प्रदान करने एवं मोटरवाहनों पर कर लगाये जाने व उसके उदग्रहण को तर्क संगत बनाये जाने के उद्देश्य से उक्त तीनों अधिनियमों को निरसित करते हुए उनके स्थान पर एक ही अधिनियम, उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1997 बनाया गया। जिसमें मार्गकर के स्थान पर कर एवं यात्रीकर व मालकर के स्थान पर अतिरिक्त कर की व्यवस्था की गयी। उक्त अधिनियमों के अधीन उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान नियमावली, 1997 बनायी गयी। उक्त अधिनियम व नियमावली, 31–07–2003 तक उत्तराखण्ड में लागू रही।

9.3– उत्तराखण्ड़ राज्य बनने के बाद राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1997 को निरसित करते हुए उसके स्थान पर उत्तराखण्ड़ राज्य के लिए उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम, 2003 बनाया जो दिनांक 01–08–2003 से प्रवृत्त हुआ। इस अधिनियम के अधीन उत्तराखण्ड मोटरगाडी कराधान सुधार नियमावली, 2003 बनायी गयी है। उत्तराखण्ड राज्य में किसी सार्वजनिक सेवा यान के दुर्घटना में अन्तर्ग्रस्त होने से पीड़ित यात्रियों या अन्य व्यक्तियों को या ऐसे यात्रियों या अन्य व्यक्तियों के उत्तराधिकारियों को राहत देने के प्रयोजनार्थ ''उत्तराखण्ड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि नियमावली, 2008 बनायी गयी है।''

9.4– परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड में इस समय निम्नलिखित अधिनियम एवं नियमावलियां प्रभावी है–

(1) मोटरयान अधिनियम,1988 (1988 का 59)(01–07–1989 से)

(2) केन्द्रीय मोटरयान नियमावली,1989 (01–07–1989 से)

(3) उत्तराखण्ड मोटरयान नियमावली,2011 (14–12–2011 से)

(4) उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम,2003 (01–08–2003 से) (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 12 वर्ष 2003)

(5) उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार नियमावली,2003 (01–08–2003 से)

(6) उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर अधिनियम,2012 (15–10–2012 से) (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 06 वर्ष 2013)

(7) उत्तराखण्ड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि नियमावली,2008 (30–12–2008 से)

(8) उत्तराखण्ड सूचना प्रौद्यौगिकी (परिवहन विभाग में इलैक्ट्रानिक रिकार्ड दाखिल,सृजित एवं जारी करने का यूजर चार्ज) नियमावली,2011 (04–05–2011 से)

(9) उत्तराखण्ड सड़क सुरक्षा कोष नियमावली,2017 (20–11–2017 से)

परिवहन आयुक्त का संगठन

उत्तरांखण्ड़ राज्य में परिवहन विभाग में विभागाध्यक्ष स्तर पर परिवहन आयुक्त कार्यालय, सम्भाग स्तर पर सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय देहरादून, सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, पौड़ी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, हल्द्वानी एवं सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, अल्मोड़ा हैं। इनके अतिरिक्त उप सम्भाग स्तर पर ऋषिकेश, हरिद्वार, टिहरी, उत्तरकाशी, विकासनगर, रूडकी, कर्णप्रयाग, रूद्रप्रयाग, कोटद्वार, उधमसिंहनगर, रामनगर, काशीपुर, चम्पावत, बागेश्वर, रानीखेत एवं पिथौरागढ कुल 16 उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय हैं। राज्य से बाहर किसी प्राधिकारी द्वारा जारी प्राधिकार के अधीन उत्तरांखण्ड़ राज्य की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों से सीमा पर कर एवं शुल्क वसूली करने हेतु कुल 19 चैक पोस्ट स्वीकृत हैं। जिसमें से आशारोड़ी, कुल्हाल, नारसन, भगवानपुर, चिड़ियापुर, कौड़िया, रुद्रपुर, काशीपुर, पुलभट्टा, दौराहा, बनबसा, मझौला एवं तिमली कुल 13 चेक पोस्ट अभी कियाशील है।

उत्तराखण्ड़ राज्य में परिवहन विभाग के अधीन विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष



परिवहन आयुक्त | उत्तराखण्ड़ परिवहन निगम | राज्य परिवहन अपील अधिकरण

परिवहन आयुक्त कार्यालय, उत्तराखण्ड़ ।

परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड़ के संगठन की विशिष्टियां, कृत्य और कर्तव्य निम्नवत् हैः–

परिवहन विभाग का उद्देश्य :–

किसी भी प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक एवं औद्योगिक प्रगति हेतु सड़क परिवहन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नव सृजित उत्तराखण्ड राज्य में परिवहन विभाग, परिवहन क्षेत्र को अधिकाधिक नियमित, जनोपयोगी एवं सुरक्षित बनाने की ओर सतत् प्रयत्नशील है। विभाग के मुख्य उद्देश्यः–

- केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियमावली 1989 के प्रावधानों के अनुसार वाहनों का पंजीयन सुनिश्चित कराना।
- केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियमावली 1989 के प्रावधानों के अनुसार चालकों/परिचालकों को लाईसेन्स जारी करने की व्यवस्थाएं करना।
- वाहनों से करों की वसूली द्वारा राजस्व अर्जित करना।
- अधिकाधिक जनता को परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु परमिट सम्बन्धी व्यवस्थाएं करना।
- अनाधिकृत संचालन पर नियन्त्रण रखना।
- केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियमावली 1989 के प्रवर्तन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर नियन्त्रण।
- वाहन जनित प्रदूषण को नियन्त्रण में रखना।

संगठन की स्थापना :–

परिवहन विभाग की स्थापना पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य में वर्ष 1945 में मोटरयान अधिनियम, 1939 (1939 का 4) की धारा 133ए के प्राविधानों के अन्तर्गत की गयी। इस अधिनियम के स्थान पर मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) दिनांक 01–07–89 से प्रवृत्त हो गया है जिसकी धारा 213 में परिवहन विभाग की स्थापना उपबन्धित है। उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के अधीन उत्तराखण्ड़ राज्य की स्थापना दिनांक 09–11–2000 को हुयी। उत्तराखण्ड़ राज्य की स्थापना के उपरान्त मोटरयान अधिनियम

की उक्त व्यवस्थाओं के अधीन वर्तमान में उत्तराखण्ड़ राज्य में परिवहन आयुक्त कार्यालय, उत्तराखण्ड़, कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून में स्थापित है।

<u>संगठन का ढांचा</u> :– परिवहन आयुक्त कार्यालय का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत् है–

परिवहन आयुक्त

अपर परिवहन आयुक्त

उपपरिवहन आयुक्त (कर) | उपपरिवहन आयुक्त (विधि एंव न्यायाधिकरण) | सचिव (राज्य परिवहन प्राधिकरण) | वित्तनियंत्रक व0लेखाधिकारी

सहायक परिवहन आयुक्त

(प्रशासन)

सहा0सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्राविधिक) | सहा0सम्भागीय परिवहन अधिकारी (मुख्यालय) | सहा0लेखाधिकारी (लेखा)

कर/रूल्स अनुभाग | प्रर्वतन अनुभाग | विधि एंव न्याधिकरण अनुभाग | एस0टी0ए0 अनुभाग | एम0आई0एस0 अनुभाग | प्राविधिक अनुभाग

आर.टी.आई अनुभाग | सामान्य प्रशासन/ अधिष्ठान एंव सर्तकता अनुभाग | लेखा अनुभाग | आडिट अनुभाग | कम्प्यूटर अनुभाग | नियोजन अनुभाग

उत्तराखण्ड राज्य में शासनादेश संख्या–690/59/स0परि0/कैम्प/2001 दिनांक 25 जून, 2001 के अन्तर्गत परिवहन आयुक्त संगठन के ढांचे का गठन करते हुये कुल 459 पदों का सृजन किया गया था। इनमें से परिवहन आयुक्त कार्यालय के लिए 79 पद स्वीकृत किये गये थे। प्रदेश में वाहनों की संख्या में वृद्धि के फलस्वरूप विभाग के कार्यों में पर्याप्त वृद्धि होने, प्रभावी चैकिंग सुनिश्चित कर अनाधिकृत संचालन प्रभावी अंकुश रखने एवं राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करने हेतु शासनादेश संख्या–113/परि0/545(परि)/2003 दिनांक 26, फरवरी, 2004 द्वारा परिवहन विभाग के संरचनात्मक ढांचे को पुनर्गठित करते हुए परिवहन आयुक्त संगठन में कुल 816 पदों का सृजन किया गया है। तदनन्तर शासनादेश संख्या 02/ix/58/2013 दिनांक 01 जनवरी,2013 द्वारा

33 पद उपसंभागीय परिवहन कार्यालय हेतु एवं शासनादेश संख्या 1330/ix-1/2016/83/2016 दिनांक 25 नवम्बर,2016 द्वारा 24 पद 2 उपसंभागीय कार्यालयों हेतु सृजित किये गये। इस प्रकार वर्तमान मे कुल 873 पद सृजित है–

परिवहन आयुक्त कार्यालय, उत्तराखण्ड़,
कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून।
फोन नं0– 0135–2608105,2608108

परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड़, के कार्यालय के लिए पूर्व में स्वीकृत 79 पदों के स्थान पर दिनांक 26–02–2004 के शासनादेश द्वारा कुल 88 पद स्वीकृत किये गये थे। वर्तमान में दिनांक 20–02–2004 के उक्त शासनादेश के साथ पठित शासनादेश संख्या 213/ix/543/2008 दिनांक 05–08–2008 एवं शासनादेश संख्या 358/ix/543/08 दिनांक 01–12–2008 सपठित शासनादेश संख्या 232/ix-1/543(2010)/2016 दिनांक 07–04–2016 एवं शासनादेश संख्या 560/2016/ix-543/2015 दिनांक 22–08–2016 के अनुसार अब परिवहन आयुक्त कार्यालय में कुल स्वीकृत पदों की संख्या 101 है। जिनका विवरण निम्नवत हैः–

क्र0 सं0	पद नाम	कुल स्वीकृत पद	वेतनमान 01.01.2006 से पूर्व	वेतन बैंड के अनुसार वेतनमान व ग्रेड वेतन 01.01.2006 से	वेतन मैट्रिक्स 01.01.2016 से
1	परिवहन आयुक्त	01	संवर्गानुसार	आई0ए0एस0 संवर्गानुसार	संवर्गानुसार
2	अपर परिवहन आयुक्त	01	14,300–18,300	37400–67000 8700	1,18,500–214,100
3	उप परिवहन आयुक्त	03	12,000–16,500	15600–39100 7600	78,800–2,09,200
4	सहायक परिवहन आयुक्त (प्रशासन)	01	10,000–15,200	15600–39100 6600	67,700–2,08,700
5	वित्त नियन्त्रक/वरिष्ठ लेखाधिकारी	01	संवर्गानुसार	संवर्गानुसार	संवर्गानुसार
6	सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी	02	8,000–13,500	15600–39,100 5400	56,100–1,77,500
7	सहायक लेखाधिकारी	01	7450–11,500	9300–34,800 4600	44,900–1,42,400
8	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी	03	8000–13,500	15000–39,500 5400	56,100–1,77,500
9	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	03	7450–11,500	9300–34,800 4800	47,600–1,51,100
10	प्रशासनिक अधिकारी	04	5,500–9,000	9300–34,800 4600	44,900–1,42,400

11	वैयक्तिक अधिकारी	01	—	9300—34,800 4600	44,900—1,42,400
12	वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक	03	—	9300—34,800 4200	35,400—1,12,400
13	वैयक्तिक सहायक	04	—	5200—20,200 2800	29,200—93,300
14	संख्या सहायक	01	5,000—8,000	9300—34,800 4200	35,400—1,12,400
15	सम्परीक्षक / ज्येष्ठ लेखापरीक्षक	02	5,500—9,000	9300—34,800 4200	35,400—1,12,400
16	लेखा परीक्षक	01	4,500—7,000	5200—20,200 2800	29,200—92,300
17	संकलनकर्ता	01	4,000—6,000	5200—20,200 2400	25,500—81,100
18	मुख्य सहायक	08	4,500—7,000	5200—20,200 4200	35,400—1,12,400
19	वरिष्ठ सहायक	12	4,000—6,000	5200—20,200 2800	29,200—92,300
20	कनिष्ट सहायक	14	3,050—4,590	5200—20,200 2000	21700—69,100
21	लेखाकार	03	5,500—9,000	9300—34,800 4200	35,400—1,12,400
22	प्रर्वतन चालक	09	3,050—4,590	5200 20200 1900	19,900—63,200
23	प्रर्वतन पर्यवेक्षक	01	3,050—4,590	5200—20,200 2400	25,500—81,100
24	प्रर्वतन सिपाही	09	2,750—4,400	5200—20,200 2000	21,700—69,100
25	अनुसेवक / चौकीदार / सफाईकार	12	2550—3200	4440—7440 1800	18,000—56,900
	योग	**101**			

संभागीय / उपसंभागीय परिवहन कार्यालयों एवं चैकपोस्टों हेतु सृजित पदों का विवरण निम्नवत् हैः—

क्र0 सं0	**पद नाम**	**कुल स्वीकृत पद**	**वेतनमान 01.01.2006 से पूर्व**	**वेतन बैंड के अनुसार वेतन व ग्रेड वेतन 01.01.2006 से**	**वेतन मैट्रिक्स 01.01.2016 से**
1	संभागीय परिवहन अधिकारी	04	10,000—15,200	15,600—39,100 6600	67,700—2,08,700
2	सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी	26	8,000—13,500	15,600—39,100 5400	56,100—1,77,500

3	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी	16	—	15,600—39,100 5400	56,100—1,77,500
4	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	22	7,450—11,500	9,300—34,800 4800	47,600—1,51,100
5	प्रशासनिक अधिकारी	22	5,500—9,000	9300—34,800 4600	44,900—1,42,400
6	परिवहन कर अधिकारी—1	24	7,450—11,500	9300—34,800 4600	44,900—1,42,400
7	संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक)	24	6,500—10,500	9300—34,800 4200	35,400—1,12,400
8	सहायक अभियोक्ता	02	5500—9000	9300—34,800 4200	35,400—1,12,400
9	परिवहन कर अधिकारी—2	78	5,000—8,000	9300—34,800 4200	35,400—1,12,400
10	वैयक्तिक अधिकारी	01	—	9300—34,800 4600	44,900—1,42,400
11	वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक	01	—	9300—34,800 4200	35,400—1,12,400
12	वैयक्तिक सहायक	02	—	5200—20,200 2800	29,200—92,300
13	मुख्य सहायक	49	4500—7000	9300—34,800 4200	35,400—1,12,400
14	वरिष्ठ सहायक	79	4000—6000	5200—20,200 2800	29,200—92,300
15	कनिष्ट सहायक	89	3050—4590	5200—20,200 2000	21,700—69,100
16	लेखाकार	15	5500—9000	9300—34,800 4200	35,400—1,12,400
17	सहायक लेखाकार	09	4500—7000	5200—20,200 2800	29,200—92,300
18	चालक/प्रर्वतन चालक	24	3050—4590	5200—20,200 1900	19,900—63,200
19	प्रर्वतन पर्यवेक्षक	20	3050—4590	5200—20,200 2400	25,500—81,100
20	प्रर्वतन सिपाही	196	2750—4400	5200—20,200 2000	21,700—69,100
21	चतुर्थ श्रेणी	67	2550—3200	4440—7440 1800	1800—56,900
5– समस्त कोषाधिकारी / वरिष्ठ कोषाधिकारी,उत्तराखण्ड।
6– समस्त सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
7– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

प्रकाश चन्द्र जोशी
उप सचिव।

कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड
कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।

संख्या– 135 / अधि0 / दो–188 / 2017 दिनांक 10 जनवरी, 2017

संख्या / IX-1 / 2016– तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2– महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3– समस्त कोषाधिकारी / वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4– समस्त आहरण वितरण अधिकारी, उत्तराखण्ड।
5– संबंधित कार्मिक।
6– अधिष्ठान पत्रावली।
7– गार्ड फाईल।

सुनीता सिंह
अपर परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड।

संख्या– 16 / ix-1 / 2012–344 / 2010

प्रेषक,

डॉ0 उमाकान्त पंवार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

परिवहन अनुभाग–1 देहरादूनः दिनांक 08 मई, 2012

विषय– परिवहन आयुक्त संगठन के अन्तर्गत सहायक अभियोक्ता परिवहन के एक अतिरिक्त पद सृजित किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–341 / अधि0 / एक–1 / 2010, दिनांक 29 नवम्बर, 2010 तथा परिवहन विभाग के शासनादेश संख्या– 690 / 59 / स0परि0 / कैम्प / 2001 दिनांक 25.06.2001 के क्रम मे मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–690 / 59 / स0परि0 / कैम्प / 2011 दिनांक 25 जून, 2001 तथा संख्या–113 परि / 545 परि0 / 2003 दिनांक 26–02–2004 द्वारा सृजित सहायक अभियोक्ता परिवहन के 01 पद का विभाग में लम्बित वादों के दृष्टिगत पर्याप्त न होने के फलस्वरूप 01 अतिरिक्त अस्थाई पद (पूर्व वेतनमान रू0 5500–9000) पुनरीक्षित वेतन बैण्ड रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 4200 में आदेश जारी करने की तिथि से 28 फरवरी, 2013 तक की अवधि के लिए, बशर्ते कि इससे पूर्व बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, सृजित करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2– उक्त पद सृजन के फलस्वरूप सहायक अभियोक्ता परिवहन के कुल 02 पद सृजित होगें जिनमें एक पद गढ़वाल सम्भाग तथा एक पद कुमाऊॅ सम्भाग हेतु सृजित होगा।

3– उक्त पद धारक को उक्त पद के वेतन के साथ–साथ शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार अनुमन्य किये गये मंहगाई एवं अन्य भत्ते देय होगें।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–342 / XXVII(2) / 2012 दिनांक 03 मई,2012 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये गये हैं।

भवदीय

(डॉ0 उमाकान्त पंवार)
सचिव।

संख्या– 232 / ix-1 / 543(2010) / 2016

प्रेषक,

सी0एस0 नपलच्याल,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
परिवहन आयुक्त कार्यालय
कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड,
देहरादून।

परिवहन अनुभाग–1 देहरादूनः दिनांक 07 अप्रैल, 2016

विषय– परिवहन आयुक्त संगठन के अन्तर्गत सृजित आशुलिपिक संवर्ग का पुनर्गठन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–358 / IX / 543 / 2008, दिनांकः01. 12.2008 द्वारा परिवहन आयुक्त संगठन के अन्तर्गत परिवहन आयुक्त कार्यालय हेतु सृजित 08 पदों एवं संभागीय / उपसंभागीय कार्यालय हेतु स्वीकृत 04 पद कुल 12 आशुलिपिक पदों का अनुपातिक प्रतिशत के आधार पर स्आफिंग पैटर्न लागू किया गया था। वित्त विभाग के शासनादेश संख्या–875 / XXVII(7) / न0प्रति0 / 11, दिनांकः 08 मार्च, 2011 एवं कार्मिक विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–963 / XXX(2) / 2011, दिनांकः 25.07.2011 के अनुसार चार स्तरीय ढॉचे के सीान पर पदों को 50:35:15 के अनुपात में विभाजित करते हुए श्री राज्यपाल महोदय, परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड शासन के संगठनात्मक ढॉचे में आशुलिपिक संवर्ग का निम्नवत पुनगर्ठन किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

क्र0 सं0	पदनाम / वेतनमान	परिवहन आयुक्त कार्यालय हेतु स्वीकृत 08 पदों का आनुपातिक प्रतिशत	संभागीय / उप संभागीय कार्यालय हेतु स्वीकृत 04 पदों का आनुपातिक प्रतिशत
1	2	3	4
1–	वैयक्तिक अधिकारी रूपये–9300–34800 ग्रेड वेतन रूपये 4600	01	01
2–	वरिष्ठ वैयक्ति सहायक रूपये–9300–34800 ग्रेड वेतन रूपये 4200	03	01
3–	वैयक्ति सहायक 5200–20200 ग्रेड वेतन रूपये 2800	04	02
कुल योग–		08	04

आशुलिपिक संवर्ग में उपरोक्त स्वीकृत पदों के नाम, वेतनमान एवं संख्या का उल्लेख संगत नियमों में प्राथमिकता के आधार पर संशोधन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त पदों की अर्हता आदि भी वित्त विभाग के द्वारा निर्गत आदेशों के अनुसार पुनरीक्षित कर दी जाए।

2–शासनादेश संख्या–358/ix/543/2008, दिनांक 01–12–2008 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

3– उक्त शासनादेश वित्त विभाग के पत्र संख्या–115/XXVII(7)/2016, दिनांक 06.04.2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

सी0एस0 नपलच्याल
सचिव।

संख्या (1)/ IX-1/543(2010)/2016 तददिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार उत्तराखण्ड ओबेराय मोटर्स बिल्ड़िग, माजरा देहरादून।
2– मुख्य कोषाधिकारी, देहरादून।
3– वित्तीय डाटा सेंटर–23, लक्ष्मी रोड, डालनवाला, देहरादून।
4– वित्त अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन।
5– समस्त संभागीय/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, उत्तराखण्ड ।
6– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

प्रकाश चन्द्र जोशी
उप सचिव।

प्रेषक, संख्या– 159 / ix-1 / 2016 / 73 / 2015

सी0एस0 नपलच्याल,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

परिवहन अनुभाग–1 देहरादूनः दिनांक 29 अगस्त, 2016

विषय– राज्य सड़क सुरक्षा परिवहन अनुसंधान एवं आधुनिकीकरण सैल (STRAM) हेतु सहायक निदेशक के 02 निःसंर्वीय पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–188 / अधिष्ठान / दो–207 / 2015, दिनांक 13–07–2015 के क्रम में परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड के कार्यालय मे ''राज्य सड़क सुरक्षा परिवहन अनुसंधान एवं आधुनिकीकरण सैल (STRAM) के गठन हेतु 01 पद सहायक निदेशक, सड़क सुरक्षा, वेतनमान रू0 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400 तथा 01 पद सहायक निदेशक, आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण, वेतनमान रू0 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400 तथा 02 निःसवर्गीय पदो के सृजन किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2– उक्त सहायक निदेशकों की नियुक्ति, परिवहन आयुक्त कार्यालय में राज्य सड़क सुरक्षा परिवहन अनुसंधान एवं आधुनिकीकरण सैल (STRAM) के सुसंगत सेवा नियमों के अधीन की जायेगी।

3–उक्त पदों की स्वीकृति पर होने वाला व्यय परिवहन विभाग की अनुदान संख्या–24 आयेजनेत्तर के लेखाशीर्षक–3055–सड़क परिवहन–001–निदेशक तथा प्रशासन–08 परिवहन संबंधी अधिष्ठान में उपलब्ध बचतों के माध्यम से वहन किया जायेगा।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–593 / XXVII(7) / 16, दिनांक 23–08–2016 में प्राप्त सहमति निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(बृजेश कुमार संत)
अपर सचिव।

संख्या (1) / IX-1 / 543(2010) / 2016 तददिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार उत्तराखण्ड ओबेराय मोटर्स बिल्ड़िग, माजरा देहरादून।
2– निदेशक कोषागार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3– वरिष्ठ कोषाधिकारी / कोषाधिकारी, देहरादून।
4– वित्त अनुभाग–2
5– आहरण वितरण अधिकारी, परिवहन आयुक्त कार्यालय, देहरादून।
6– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

प्रकाश चन्द्र जोशी
उप सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
परिवहन अनुभाग–1
संख्या–1400/ix-1 /2016/90/2016
देहरादून, दिनांकः 17दिसम्बर, 2016
अधिसूचना

मा0 सर्वोच्च न्यायालय मे योजित रिट याचिका संख्या–295/2012 में मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुक्रम मे सेवानिवृत्त मा0 न्यायाधीश की अध्यक्षता मे गठित सडक सुरक्षा समिति द्वारा पारित आदेश के क्रम में सडक सुरक्षा के संबध मे विभिन्न आदेशो का अनुपालन किया जाता रहा है। उक्त के सम्बन्ध मे शासन द्वारा परिवहन आयुक्त उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में निम्नानुसार सड़क सुरक्षा हेतु लीड एजेंसी का गठन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है–

1–	परिवहन आयुक्त उत्तराखण्ड	अध्यक्ष
2–	अपर परिवहन आयुक्त उत्तराखण्ड	सदस्य
3–	वित्त नियंत्रक परिवहन आयुक्त मुख्यालय	सदस्य
4–	सहायक निदेशक सडक सुरक्षा आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण 02 पद	सदस्य
5–	लोक निर्माण विभाग के नामित अधिकारी जो अधिशासी अभियन्ता अधीक्षण अभियन्ता से निम्न स्तर के न हो।	सदस्य
6–	चिकित्सा विभाग के नामित अधिकारी सहायक निदेशक से निम्न स्तर का न हो।	सदस्य
6–	शहरी विकास विभाग के नामित अधिकारी जो सहायक निदेशक से निम्न स्तर के न हो।	
7–	पुलिस विभाग के अधिकारी जो पुलिस उपाधीक्षक से निम्न स्तर के न हो।	सदस्य
8–	शिक्षा विभाग के नामित अधिकारी जो सहायक निदेशक से निम्न स्तर के न हो।	सदस्य
9–	आबकारी विभाग के नामित अधिकारी जो सहायक निदेशक से निम्न स्तर के न हो।	सदस्य

2– उक्त सडक सुरक्षा हेतु गठित लीड एजेंसी के कार्यो के सुचारू रूप से संचालन हेतु मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के निम्नलिखित पदों पर परिवहन विभाग के संरचनात्मक ढॉचे के अन्तर्गत पूर्व सृजित/स्वीकृत पदों मे से ही तैनाती किये जाने की सवीकृति प्रदान की जाती है–

(1)	प्रशासनिक अधिकारी	01 पद
(2)	प्रधान सहायक	01 पद
(3)	कनिष्ठ सहायक सह टंकण	02 पद
(4)	अनुसेवक	01 पद

उक्त लीड एजेंसी द्वारा निम्नवत कार्यो का सम्पादन किया जायेगा–
(क) सदस्य सडक सुरक्षा परिषद के सचिवालय के रूप मे कार्य करेंगे।
(ख)सड़क सुरक्षा परिषद मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित सडक सुरक्षा समिति एवं अनुश्रवण समिति द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों को समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(ग) सडक सुरक्षा से संबधित सभी स्टेक होल्डर विभागों के मध्य समन्वय सीापित कराते हुए कार्य किया जायेगा।
(घ)सडक सुरक्षा हेतु गठित लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा के मामलों में अधिकार प्राप्त होगी, जो राज्य सडक सुरक्षा एवं मा0 सडक सुरक्षा समिति के निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से संबधित को निर्देश दे सकेगी।
(ड)जिला सड़क सुरक्षा समितियों के कार्यो का अनुश्रवण किया जायेगा।
(च)सड़क सुरक्षा से संबधित कार्यो के लिए बजट की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव तैयार कराया जायेगा और सड़क सुरक्षा कोष के प्रबन्धन संबंधी कार्यवाही की जायेगी।
(छ)वार्षिक लक्ष्यों का निर्धारण करते हुए राज्य सड़क सुरक्षा नीति के प्राविधानो का क्रियान्वयन किया जायेगा।
(ञ) सडक सुरक्षा से संबंधित अन्य समस्त कार्यो का सम्पादन एवं अनुश्रवण किया जायेगा।

(सी0एस0 नपलच्याल)
सचिव।

संख्या–1400(1)/ix-1/2016/90/2016

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– वरिष्ठ निजी सचिव मा0 परिवहन मंत्री, उत्तराखण्ड शासन को मा0 मंत्री जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2– प्रमुख सचिव/सचिव लोक निर्माण, चिकित्सा विभाग, शहरी विकास, गृह, शिक्षा एवं आबकारी विभाग, उत्तराखण्ड शासन को इस आशय से प्रेषित कि उक्त लीड एजेंसी हेतु अपने विभाग से संबंधित सक्षम अधिकारी को नामित करते हुए उक्त लीड एजेंसी के अध्यक्ष के कार्यालय में यथाशीघ्र सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3– परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड, देहरादून
4– संयुक्त मुद्रण एवं लेखन सामग्री, रूडकी, हरिद्वार को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त को सरकारी गजट मे प्रकाशित करते हुए उक्त की 100 प्रतियां परिवहन अनुभाग–1 उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(प्रकाश चन्द्र जोशी)
उप सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
परिवहन अनुभाग–1
संख्या– /ix-1 /2016/90/2016
देहरादून, दिनांकः 23दिसम्बर, 2016

अधिसूचना/संशोधन

अधिसूचना संख्या–1400/ ix-1 /2016/90/2016, दिनांक 17 दिसम्बर, 2016 द्वारा परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा हेतु लीड एजेंसी का गठन किया गया था। उक्त में आंशिक संशोधन करते हुए निम्नवत सदस्य नामित किये जाते हैः–

1–	लोक निर्माण विभाग, अधीक्षण अभियन्ता, देहरादून।	सदस्य
2–	चिकित्सा विभाग, अपर निदेशक, (प्रशासन),देहरादून।	सदस्य
3–	सहायक निदेशक, शहरी विकास, देहरादून।	सदस्य
4–	अपर पुलिस अधीक्षक, यातायात, पलिस विभाग देहरादून।	सदस्य
5–	अपर निदेशक, राज्य शैक्षणिक एवं अनुसंधान परिषद, देहरादून।	सदस्य
6–	अपर आयुक्त, आबकारी विभाग, उत्तराखण्ड।	सदस्य
7–	रोड सेफ्टी ऑफिसर–एन.एच.ए.आई. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण।	सदस्य
8–	सीमा सड़क संगठन से संबंधित अधिकारी	सदस्य

2– उक्त अधिसूचना को उक्त सीमा तक यथा संशोधित समझा जाय।

(सी0एस0 नपलच्याल)
सचिव।

संख्या–1179(1)/ix-1/2016/90/2016

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– वरिष्ठ निजी सचिव मा0 परिवहन मंत्री, उत्तराखण्ड शासन को मा0 मंत्री जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2– प्रमुख सचिव/सचिव लोक निर्माण, चिकित्सा विभाग, शहरी विकास, गृह, शिक्षा एवं आबकारी विभाग, उत्तराखण्ड शासन को इस आशय से प्रेषित कि उक्त लीड एजेंसी हेतु अपने विभाग से संबंधित सक्षम अधिकारी को नामित करते हुए उक्त लीड एजेंसी के अध्यक्ष के कार्यालय में यथाशीघ्र सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3– परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड, देहरादून
4– संयुक्त मुद्रण एवं लेखन सामग्री, रूडकी, हरिद्वार को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त को सरकारी गजट मे प्रकाशित करते हुए उक्त की 100 प्रतियां परिवहन अनुभाग–1 उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5– सीमा सड़क संगठन से संबंधित अधिकारी।
6– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(चिरंजी लाल)
अनुसचिव।

प्रेषक, संख्याः 877XXVII(7)च0श्रे0/2011

आलोक कुमार जैन,
प्रमुख सचिव, वित्त,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
   उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
   उत्तराखण्ड शासन।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0)अनु0–07 देहरादूनःदिनांकः24 मार्च,2011

विषयः– **राजकीय विभागों के चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन के संशोधन/उच्चीकृत के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वेतन विसंगति समिति द्वारा राजकीय विभागों के चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के संबंध में दी गई संस्तुति पर लिये गये निर्णयानुसार श्री राज्यपाल,शासनादेश संख्याः395/XXVII(7)/2008 दिनांक 17 अक्टूबर,2008 के संलग्नक–1 के कालम–2 के अनुसार समूह 'घ' के दिनांक 01–01–2006 से पूर्व वेतनमान क्रमशः रू 2550–3200, रू 2610–3540, तथा रू 2650–4000, के पदों पर दिनांक 01–01–2006 से पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य वर्तमान वेतन बैण्ड–1 एस0, रू 4440–7400, तथा ग्रेड वेतन क्रमशः रू 1300/–, रू 1400/– एवं रू 1650/– के स्थान पर तात्कालिक प्रभाव से वेतन बैण्ड–1 रू 5200–20200 एवं रू 1800/– के ग्रेड वेतन में उच्चीकरण/संशोधन निम्नलिखित शर्तो के अनुसार किये जाने की सहर्ष स्वीकृत प्रदान करते हैः–

(i) शासनादेश संख्याः283/XXVII(7)/2010 दिनांक 07 जनवरी,2010 द्वारा समूह 'घ' के कर्मचारियों के लिए लागू की गयी स्टाफिंग पैटर्न की व्यवस्था तात्कालिक प्रभाव से समाप्त हो जाएगी। उक्त शासनादेश के लागू होने के फलस्वरूप समूह 'घ' के जिन कर्मचारियों द्वारा रू 1900/– का ग्रेड वेतन का लाभ ले लिया गया है, उन्हें उक्त ग्रेड पे रू 1900/– वैयक्तिक रूप से अनुमन्य होगा।

(ii) समूह 'घ' के ग्रेड पे रू 1300/–, रू 1400/– एवं रू 1650/– के समस्त पदों को समाप्त कर दिया जायेगा, जहां पर ग्रेड पे रू 1800/– के पद कम पड़ते है (कार्यरत पदधारकों की संख्या से) वहां पर सीमा तक रू 1300/–,रू1400/– एवं रू 1650/– के पद रू 1800/– के ग्रेड पे में उच्चीकृत कर दिये जाएंगे।

(iii)रू 1800/– की ग्रेड पे पर कार्यरत समूह 'घ' के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति, पदोन्नति अथवा अन्य कारणों से रिक्त होने पर यह पद स्वतः समाप्त होते जाएंगे अर्थात समूह 'घ' के कर्मचारियों के लिए सम्प्रति उपलब्ध रू 1800/– ग्रेड पे का एकमात्र पद डाईग कैडर होगा। भविष्य में चतुर्थ श्रेणी के किसी भी पद पर भर्ती/नियुक्ति नहीं की जाएगी। समूह 'घ' के कार्य यथा आवश्यकता आउटसोर्सिग के माध्यम से कराये जाएंगे।

2– उपर्युक्त शासनादेश संख्याः 395/XXVII(7)/2008 दिनांक 17 अक्टूबर,2008 को केवल इस सीमा तक संशोधित समझा जाएगा।

भवदीय

(राधा रतूड़ी)
सचिव, वित्त।

संख्या 877(1)/ XXVII(7)/2011 तददिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार उत्तराखण्ड, देहरादून।
2– प्रमुख सचिव, विधानसभा, उत्तराखण्ड,।
3– सचिव, मा0 राज्यपाल, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4– रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय नैनीताल, उत्तराखण्ड,।
5– स्थानीय आयुक्त,उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
6– पुनर्गठन आयुक्त, उत्तराखण्ड विकास भवन, लखनऊ।
7– निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इन्टरनल आडीटर उत्तराखण्ड देहरादून।
8– वित्त आडिट प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड शासन।
9– समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड,।
10– उत्तराखण्ड, सचिवालय के समस्त अनुभाग।
11– इरला चैक अनुभाग उत्तराखण्ड, देहरादून।
12– निदेशक, एन0 आई0 सी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
13– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शरद चन्द्र पाण्डेय)
अपर सचिव।

संख्याः 888XXVii(7)च0श्रे0/2011

प्रेषक,

राधा रतूडी,
सचिव, वित्त,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
   उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
   उत्तराखण्ड शासन।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0)अनु0–07 देहरादूनःदिनांकः24 मार्च,2011

विषयः– राजकीय विभागों के चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन के संशोधन/उच्चीकृत किये जाने संबंधी शासनादेश संख्याः 877/XXVII(7)च0श्रे0/2011 दिनांक 24 मार्च, 2011 का संशोधन।

महोदय,

उक्त विषय के संबंध में वित्त विभाग के शासनादेश संख्याः 877/XXVII(7)च0श्रे0/2011 दिनांक 24 मार्च, 2011 के प्रेषक में आलोक कुमार जैन, प्रमुख सचिव, वित्त के स्थान पर राधा रतूड़ी, सचिव, वित्त पढ़ा जाए।

2– शासनादेश संख्याः 877/ XXVII(7)च0श्रे0/2011 दिनांक 24 मार्च, 2011 केवल उक्त सीमा तक ही संशोधित समझा जाय।

भवदीय

(राधा रतूड़ी)
सचिव, वित्त।

संख्या 888(1) / XXVII(7) / 2011 तददिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार उत्तराखण्ड , देहरादून।
2– प्रमुख सचिव, विधानसभा, उत्तराखण्ड,।
3– सचिव, मा0 राज्यपाल, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4– रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय नैनीताल, उत्तराखण्ड,।
5– स्थानीय आयुक्त,उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
6– पुनर्गठन आयुक्त, उत्तराखण्ड विकास भवन, लखनऊ।
7– निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इन्टरनल आडीटर उत्तराखण्ड देहरादून।
8– वित्त आडिट प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड शासन।
9– समस्त मुख्य / वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड,।
10– उत्तराखण्ड, सचिवालय के समस्त अनुभाग।
11– इरला चैक अनुभाग उत्तराखण्ड, देहरादून।
12– निदेशक, एन0 आई0 सी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
13– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शरद चन्द्र पाण्डेय)
अपर सचिव।

संख्याः 63/XXVii(7)27(8)/2011

प्रेषक,

राधा रतूडी,
सचिव, वित्त,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
   उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
   उत्तराखण्ड शासन।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0)अनु0–07 देहरादूनःदिनांकः05 जुलाई,2011

विषयः– राजकीय विभागों के चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन के संशोधन/उच्चीकरण के विषय शासनादेश संख्याः 877/XXVII(7)च0श्रे0/2011 दिनांक 24 मार्च, 2011 के प्रस्तर–3 में संशोधन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्याः877/XXVII(7)च0श्रे0/2011 दिनांक 24 मार्च, 2011 के प्रस्तर–1 के उप प्रस्तर (III) में यह व्यवस्था की गयी है कि रू 1800/– की ग्रेड पे पर कार्यरत समूह 'घ' के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति, प्रोन्नति अथवा अन्य कारणों से रिक्त होने पर यह पद स्वतः समाप्त होते जायेगें अर्थात समूह 'घ' के कर्मचारियों के लिए सम्प्रति उपलब्ध रू 1800/– ग्रेड पे का एक मात्र पद डाईग कैडर होगा। भविष्य में चतुर्थ श्रेणी के किसी भी पद पर भर्ती/नियुक्ति नहीं की जायेगी। उपरोक्त विषय में विभिन्न स्त्रोतों से यह स्पष्ट होने की अपेक्षा की जा रही है कि उक्त व्यवस्था उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश सेवाकाल मे मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली,1974) अनुकूल एवं उपान्तरण आदेश,2002 के अन्तर्गत समूह 'घ' के पदों पर की जाने वाली नियुक्तियों के संबंध मे लागू होगी अथवा नहीं।

उपर्युक्त के संबंध में मुझे यह स्पष्ट करने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश दिनांक 24 मार्च,2011 के प्रस्तर–3 में की गयी व्यवस्था उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश मृतक आश्रित भर्ती नियमावली,1974) अनुकूल एवं उपान्तरण आदेश,2002 के अन्तर्गत समूह 'घ' के पदों पर की जाने वाली नियुक्ति के संबंध में लागू नहीं होगी।

उपर्युक्त शासनादेश 24 मार्च,2011 को केवल उक्त सीमा तक ही संशोधित समझा जायेगा।

भवदीय

(राधा रतूड़ी)
सचिव, वित्त।

संख्या 63(1) / XXVII(7)27(8) / 2011 तददिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार उत्तराखण्ड, देहरादून।
2– प्रमुख सचिव, विधानसभा, उत्तराखण्ड,।
3– सचिव, मा0 राज्यपाल, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4– रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय नैनीताल, उत्तराखण्ड,।
5– स्थानीय आयुक्त,उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
6– पुनर्गठन आयुक्त, उत्तराखण्ड विकास भवन, लखनऊ।
7– निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इन्टरनल आडीटर उत्तराखण्ड देहरादून।
8– वित्त आडिट प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड शासन।
9– समस्त मुख्य / वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड,।
10– उत्तराखण्ड, सचिवालय के समस्त अनुभाग।
11– इरला चैक अनुभाग उत्तराखण्ड, देहरादून।
12– निदेशक, एन0 आई0 सी0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
13– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शरद चन्द्र पाण्डेय)
अपर सचिव।

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

संख्याः 30/XXX-2/2018–30(13)2017

प्रेषक,

उत्पल कुमार सिंह,
मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/
   सचिव/सचिव (प्रभारी),
   उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,
   उत्तराखण्ड ।
3. मण्डरायुक्त,
   गढ़वाल, पौडी/कुमाऊं, नैनीताल,
   उत्तराखण्ड।
4. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तराखण्ड।

कार्मिक अनुभाग–2 देहरादून, दिनांकः06 फरवरी,2018

विषयः– उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, 2017 (संख्या– 1वर्ष 2018) के अनुपालन में विभिन्न विभागों के स्तर पर अग्रिम कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राज्याधीन सेवाओं मे (अखिल भारतीय सेवा, राज्य सिविल सेवा, राज्य पुलिस सेवा तथा मा0 उच्च न्यायालय के नियंत्रणाधीन समस्त सेवाओं का छोड़कर) अधिकारियों/कर्मचारियों के वार्षिक स्थानान्तरण को एक उचित निष्पक्ष, वस्तुनिष्ठ तथा पारदर्शी बनाने हेतु उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, 2017 (संख्या 01 वर्ष 2018) पारित किया गया है। उक्त अधिनियम के कियान्वयन हेतु विभिन्न विभागेां के स्तर पर स्थानान्तरण सत्र से पूर्व कतिपय तैयारियां की जानी आवश्यक है।

अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि आपने नियंत्रणाधीन विभागों/कार्यालयों के अन्तर्गत उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, 2017 (संख्या 1 वर्ष 2018) के उपबंधो के अधीन स्थानान्तरण सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व निम्नानुसार कार्यवाही प्राथमिकता पर सुनिश्चित करने का कष्ट करेंः–

1– कार्मिक की पद स्थापना हेतु वर्गीकरणः– (धारा–4)

विभाग के नियत्रणाधीन संवर्गो के कार्मिकों को निम्नवत श्रेणियों में वर्गीकृत किया जायः–

1. ऐसे कार्मिक, जिनकी पदस्थापना जनपद मुख्यालय से ग्राम स्तर तक किये जाने की व्यवस्था है।
2. ऐसे कार्मिक, जिनकी पदस्थापना मण्डल स्तर तक किये जाने की व्यवस्था है।

3. ऐसे कार्मिक, जिनकी पदस्थापना राज्य स्तरीय होती है तथा उनकी पद स्थापना शासन तथा विभागाध्यक्ष द्वारा की जाती है।

2– सुगम एवं दुर्गम स्थलों का चिन्हाकन और उसका प्रकटीकरणः–(धारा–5)

(1) प्रत्येक विभाग का कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, यथास्थिति, उपरोक्त बिन्दु–1 (कार्मिकों की पद स्थापना हेतु वर्गीकरण) में उपबन्धित वर्गीकरण के अनुसार सुगम एवं दुर्गम क्षेत्रों से संबंधित कार्य स्थल को स्पष्ट करते हुये चिन्हाकन की कार्यवाही करेगा और उसके प्रकटीकरण के लिए उत्तराखण्ड की वेबसाइट में प्रदर्शन सहित ऐसी समुचित कार्यवाही करेगा, जैसे प्रकाशन एवं व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए आवश्यक होगा।

(2) प्रत्येक विभाग में जिला से लेकर ग्राम स्तर तक की जानी वाली तैनाती के लिय जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा विभाग की आवश्यकता के अनुरूप सुगम एवं दुर्गम क्षेत्रों का चिन्हीकरण मानकों के अनुसार किया ाजयेगा।

(3) जिन कार्मिकों की तैनाती जनपद मुख्यालय तहसील मुख्यालय, विकास खण्ड मुख्यालय नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत क्षेत्र में होती है वहां मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा प्रत्येक विभाग के लिए उसकी आवश्यकता के अनुसार जिलेवार सुगम तथा दुर्गम क्षेत्रों का चिन्हीकरण किया जायेगा, जिसमें जनपद मुख्यालय, तहसील मुख्यालय, विकास खण्ड मुख्यालय, नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत क्षेत्र, जहां पर सामान्य आधारभूत सुविधायें यथा सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, रेल तथा हवाई जहाज की सुविधा के आधार पर सुगम अथवा दुर्गम क्षेत्र का चिन्हीकरण किया जायेगा।

(4) जिन कार्मिकों की तैनाती केवल जिला मुख्यालय/निदेशालय मुख्यालय पर की जाती है तथा उनका स्थानान्तरण शासन स्तर से अथवा विभागाध्यक्ष स्तर से किया जाता है, उनके लिये विभाग की आवश्यकता के अनुरूप सुगम एवं दुर्गम क्षेत्रों का चिन्हीकरण प्रत्येक विभागवार सामान्य आधारभूत सुविधायें यथा सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, रेल तथा हवाई जहाज की सुविधा के आधार पर सुगम अथवा दुर्गम क्षेत्र का चिन्हीकरण किया जायेगा।

(5) परन्तु यह कि जो कार्य सिल 7000 फिट से अधिक ऊंचाई पर स्थित है, वहां 1 वर्ष की तैनाती को 2 वर्ष की दुर्गम क्षेत्र में तैनाती के समतुल्य माना जायेगा।

3– वार्षिक स्थानांतरण के निम्नलिखित प्रकार होंगेः–(धारा–6)

1. सुगम क्षेत्र से दुर्गम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानांतरण।
2. दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानांतरण।
3. अनुरोध के आधार पर स्थानांतरण।

4– सुगम क्षेत्र से दुर्गम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानांतरणः–(धारा–7)

ऐसे कार्मिक, जिनकी सुगम क्षेत्र में तैनाती की अवधि 04 वर्ष से अधिक हो चुकी हो अथवा जिनकी सम्पूर्ण सेवा काल में सुगम क्षेत्र में कुल सेवा 10 वर्ष से अधिक हो

चुकी हो अथवा जो छूट की श्रेणी में नहीं आते हो, उन कार्मिकों की उनकी सुगम क्षेत्र में सम्पूर्ण अवधि की तैनाती के अनुसार अवरोही क्रम में रखते हुए संबंधित संवर्ग के दुर्गम क्षेत्र में कुल रिक्तियों की उपलब्धता की सीमा तक ही स्थानांतरण हेतु चिन्हित किया जायेगा।

5— सुगम क्षेत्र से दुर्गम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानांतरण के लिए उपलब्ध एवं सम्भावित रिक्तियों की गणना करना तथा पात्र कार्मिकों की सूची तैयार करना एवं विकल्प मांगा जानाः—(धारा—9)

सुगम क्षेत्र से दुर्गम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानांतरण के लिए दुर्गम क्षेत्र में उपलब्ध एवं सम्भावित रिक्तियों की गणना करते हुये संबंधित कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा उत्तराखण्ड की वेबसाईट पर प्रदर्षित/प्रचालित किया जायेगा। सुगम क्षेत्र से दुर्गम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानांतरण की सूची तैयार की जाय। पात्र कार्मिकों से अधिकतम 10 दुर्गम स्थानों, जहां वह तैनाती के इच्छुक हों, के लिए विकल्प मांगे जायेगे। कार्मिक द्वारा विकल्प प्राथमिकता क्रम में दिया जाना अनिवार्य होगा, जिसे उक्तानुसार नोटिस बोर्ड तथा उत्तराखण्ड की वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जाय।

6— दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र हेतु स्थानांतरण के मानक :— (धारा—10)

(क) दुर्गम क्षेत्र में अपनी तैनाती के स्थान पर 3 वर्ष या उससे अधिक अवधि से तैनात कार्मिकों का सुगम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानान्तरण किया जायेगा।

(ख) यदि कोई कार्मिक दुर्गम स्थान पर 3 वर्ष से कम अवधि से कार्यरत है किन्तु उसकी सम्पूर्ण सेवा अवधि में दुर्गम क्षेत्र में तैनाती 10 वर्ष से अधिक है, तो वह भी दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र में अनिवार्यतः सीनान्तरित किये जायेंगे।

परन्तु यह कि अवधि की गणना करते समय केवल वही अवधि ली जायेगी, जिसमें कार्मिक वास्तविक रूप में दुर्गम स्थान पर कार्यरत रहा हो। यदि वह सुगम स्थान पर सम्बद्ध रहा हो तो सम्बद्धता अवधि तथा एक वर्ष मे एक माह से अधिक अवधि के लिए अवकाश पर रहा हो तो इस अवधि को दुर्गम स्थान की तैनाती की अवधि में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

7— दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानांतरण हेतु मानक एवं उपलब्ध तथा सम्भावित रिक्तियों की गणना करना/पात्र कार्मिकों की सूची तैयार करना एवं विकल्प मांगा जानाः—(धारा—12)

दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानांतरण हेतु सुगम क्षेत्र में उपलब्ध एवं सम्भावित रिक्तियों की गणना करते हुये संबंधित कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा उत्तराखण्ड की वेबसाईट पर प्रदर्शित/प्रचालित किया जायेगा। दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानांतरण हेतु पात्र कार्मिकों से अधिकतम 10 दुर्गम स्थानों, जहां वह तैनाती के इच्छुक हों, के लिए विकल्प मांगे जायेगे। सुगम क्षेत्र में उपलब्ध एवं संभावित रिक्ति की सीमा तक स्थानान्तरण हेतु पात्र कार्मिकों की सूची तैयार की जाय। कार्मिक द्वारा विकल्प प्राथमिकता क्रम में दिया जाना अनिवार्य होगा, जिसे उक्तानुसार नोटिस बोर्ड तथा उत्तराखण्ड की वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जाय।

8— अनुरोध के आधार पर स्थानांतरणः— (धारा—13,14,17(1)(ख))

(1) अनुरोध प्रकाशित रिक्तियों के सापेक्ष ही किया जा सकेगा और भरे हुए पदों/कार्यस्थलों के लिये अनुरोध मान्य नहीं होगा।

(2) सुगम से दुर्गम क्षेत्र में स्थानान्तरण के लिए कोई भी कार्मिक आवेदन करने हेतु पात्र होगा।

(3) अनुरोध के आधार पर उपलब्ध रिक्तियों तथा सम्भावित रिक्तियों को संबंधित कार्यालयों के नोटिस बोर्ड तथा उत्तराखण्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित करते हुए, कार्मिकों से अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु अधिकतम 10 इच्छित सीानों के लिए विकल्प के साथ आवेदन–पत्र मांगे।

(4) पात्र कार्मकों के स्थानान्तरण पर, स्थानांतरण समिति निम्नलिखित क्रम में विचार करेगीः–

(एक) गम्भीर रूप से रोगग्रस्त/विकलांग कार्मिकों द्वारा स्वयं अथवा पति/पत्नी (यथालागू) की गंभीर रोगग्रस्ता/विकलांगता के आधार पर अनुरोध;

(दो) मानसिक रूप से विक्षिप्त एवं लाचार बच्चों के माता पिता द्वारा अनुरोध;

(तीन) सेवारत पति–पत्नी जिनका इकलौता पुत्र/पुत्री विकलांग हो,

(चार) उत्तराखण्ड सरकार की सेवा में कार्यरत पति/पत्नी द्वारा सामान्य श्रेणी के स्थल/क्षेत्र में तैनाती हेतु अनुरोध;

(पॉच) विधवा, विधुर, सक्षम न्यायालय के आदेश से घेषित परित्यक्ता एवं तलाकशुदा कार्मिक तथा वरिष्ठ कार्मिकों द्वारा अनुरोध;

(छः) दुर्गम कार्यस्थल से दुर्गम कार्यस्थल/क्षेत्र में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध;

(सात) अन्त में, सुगम क्षेत्र से दुर्गम में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध;

9– स्थानान्तरण हेतु गणना के लिए नियत तिथि का निर्धारणः– (धारा–15)

स्थानान्तरण के उद्देश्य से अवधि की गणना प्रत्येक वर्ष की 31 मई की तिथि के आधार पर की जायेगी, ऐसे सभी कार्यालय/अधिष्ठान, जहां पटल/कार्यभार परिवर्तन के लिये कोई अवधि निर्धारित नहीं है वहां पटल/कार्यभार का परिवर्तन/स्थानान्तरण 05 वर्ष के अन्तराल पर किये जा सकेंगे।

10– सभी विभागों द्वारा शासनस्तर, विभागाध्यक्ष स्तर, मण्डल स्तर तथा जनपद स्तर पर स्थानान्तरण समितियों का गठनः– (धारा–16)

(1) कार्मिकों के स्थानान्तरण किए जाने हेतु शासन स्तर पर, विभागाध्यक्ष, मण्डल एवं जनपद स्तर पर प्रत्येक विभाग द्वारा स्थायी स्थानान्तरण समितियों का गठन किया जायेगा, जिसमें सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के अतिरिक्त एक अधिकारी दूसरे विभाग के भी नामित किए जायेंगे। शासन स्तर पर वन एवं अवस्थापना विकास आयुक्त शाखा, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा तथा समाज कल्याण आयुक्त शाखा को छोड़कर अन्य विभागों में स्थानान्तरण समिति में एक अधिकारी कार्मिक विभाग द्वारा नामित किया जायेगा। उपर्युक्त तीनों शाखाओं के अधीन विभागों में स्थानान्तरण हेतु स्थानान्तरण समिति में शाखा के किसी अनय विभाग के अधिकारी का नामांकन सम्बन्धित शाखा प्रमुख द्वारा किया जायेगा।

(2) जनपद स्तरीय संवर्गो के कार्मिकों के जनपद के अन्दर ही स्थानान्तरण हेतु बनाई गई प्रत्येक समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी या उनके द्वारा नामित अधिकारी होंगे।

11– स्थानान्तरण समिति द्वारा अपेक्षित कार्यवाहीः–(धारा–17)

(1) स्थानान्तरण समिति द्वारा सर्वप्रथम सुगम क्षेत्र से दुर्गम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानान्तरण पर विचार किया जायेगा। इसके पश्चात अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु पात्र कार्मिकों के स्थानान्तरण पर अनुमन्य क्रम में विचार किया जायेगा। तत्पश्चात दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानान्तरणों का निस्तारण किया जायेगा।

(2) स्थानान्तरण समिति द्वारा निम्नलिखित तथ्यों पर विचार किया जायेगाः–

(1) समूह 'क' एवं 'ख' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद में तैनात नहीं किया जायेगा;

(2)समूह 'ग' के लिपिकीय एवं गैर–प्रशासकीय कार्मिकों तथा समूह 'घ' के कार्मिकों को गृह स्थान को छोड़कर उनके गृह जनपद में ही तैनात किया जा सकेगा। ''गृह जनपद'' से ऐसा गॉव/हल्का/तहसील आदि अभिप्रेत है, जिसका वह मूल निवासी है;

(3) प्रशासनिक आधार पर स्थानान्तरण सुगम से सुगम में नहीं किया जायेगा तथा प्रशासनिक आधार पर हटाये गये कार्मिक को किसी भी दशा में पुनः उसी जनपद/स्थान पर 05 वर्ष तक तैनात नहीं किया जायेगा;

(4)सरकारी सेवकों के मान्यता प्राप्त सेवा संघो के अध्यक्ष/सचिव, जिनमें जिला शाखाओं के अध्यक्ष/सचिव भी सम्मिलित हैं, के स्थानान्तरण, उनके द्वारा संगठन में पदधारित करने की तिथि से पद पर बने रहने अथवा 02 वर्ष की अवधि, जो भी पहले हो, तक की अवधि में नहीं किये जा सकेंगे, परन्तु इस अधिनियम के शेष प्राविधान उन पर भी यथावत लागू होंगे।

12– स्थानान्तरण हेतु समय सारणीः–(धारा–23)

राज्याधीन सेवाओं के अन्तर्गत प्रत्येक सामान्य स्थानान्तरण हेतु कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा कार्य सिलि के मानक के अनुसार 31 मार्च तक चिन्हीकरण अनिवार्य रूप से किया जायेगा। सभी विभागों द्वारा शासन स्तर, विभागाध्यक्ष स्तर, मण्डल स्तर तथा जनपद स्तर पर स्थानान्तरण समितियों का गठन 1 अप्रैल तक कर लिया जाय। प्रत्येक संवर्ग के लिए सुगम/दुर्गम क्षेत्र के कार्यस्थल, पात्र कार्मिकों तथा उपलब्ध एवं सम्भावित रिक्तियों की सूची 15 अप्रैल तक प्रकाशित/वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा। अनिवार्य स्थानान्तरण हेतु पात्र कार्मिकों से 20 अप्रैल तक 10 इच्छित स्थानों के विकल्प मांगे जायेंगे। अनुरोध के आधार पर आवेदन आमंत्रित करने की तिथि 30 अप्रैल तक होगी। अनिवार्य स्थानान्तरण के पात्र कार्मिकों से विकल्प/आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की अंतिम तिथि 15 मई होगी तथा प्राप्त विकल्प/आवेदन पत्र का विवरण 20 मई तक वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जायेगा। स्थानान्तरण समिति की बैठक तथा सक्षम प्राधिकारी को संस्तुति देने की अवधि 25 मई से 05 जून तक होगी तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्थानान्तरण आदेश निर्गत करने की अंतिम तिथि 10 जून होगी। स्थानान्तरण आदेश निर्गत होने के 02 दिन के अन्दर वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाना अनिवार्य होगा।

उपरोक्तानुसार संगत अधिनियम के कतिपय प्राविधान एवं समयबद्धरूप से की जाने वाली कार्यवाही का उल्लेख किया गया है। शेष शर्ते एवं प्राविधान उत्तराखण्ड

लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, 2017 (संख्या–01 वर्ष 2018) के अनुसार लागू होंगे। प्रत्येक विभाग के लिए यह अति आवश्यक है कि वह सुगम क्षेत्र से दुर्गम क्षेत्र मे स्थानान्तरण हेतु तथा दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र में स्थानान्तरण हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों की पूर्व/वर्तमान तैनाती की सही स्थिति का ऑकलन करेंगे, क्योंकि इसी आधार पर पारदर्शी स्थानान्तरण की कार्यवाही प्रारम्भ हो सकेगी। अधिनियम की प्रति संलग्न की जा रही है, जिसका अनुपालन प्रत्येक विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया संलग्न अधिनियम का भली–भॉति अध्ययन करते हुये प्रारम्भिक स्तर उपरोक्त दिशा–निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नः यथोक्त

भवदीय

(उत्पल कुमार सिंह)
मुख्य सचिव

संख्याः /XXX-2/2018–30(13)2007 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री जी के संज्ञानार्थ।
2– वरिष्ठ निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
3– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(राधा रतूडी)
प्रमुख सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
परिवहन अनुभाग–1
संख्या– 839/ix-1 /246(2004)/2017
देहरादून, दिनांकः 20नवम्बर, 2017

अधिसूचना

मोटरयान अधिनियम 1988 (अधिनियम संख्या 59 वर्ष 1988) की धारा 68 की उपधारा (2) की सपठित उत्तराखण्ड मोटरयान नियमावली, 2011 के नियम 56 के उपनियम (8) (दो) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड मे श्री रकित वालिया पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार वालिया, ग्राम जगजीतपुर, पो0 कनखल, जनपद हरिद्वार तथा श्री सुन्दर सिंह रावत, बी–9/7 डी बौराडी, नई टिहरी को उक्त अधिनियम की धारा 68 की उपधारा (3) में प्रदत्त शाक्तियों का प्रयोग तथा कर्तव्यों के निर्वहन के लिए इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि हेतु गैर सरकारी सदस्य नामित करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

(डी0 सेन्थिल पाण्डियन)
सचिव।

संख्याः (1)/iX-156(2010)/2017 तद्दिनांक
प्रतिलिपिः– संयुक्त निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री राजकीय मुद्रणालय रूड़की जनपद–हरिद्वार को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे उक्त अधिसूचना को उत्तराखण्ड राज्य के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट–4 खण्ड (ख) में प्रकाशित करते हुए प्रकाशित अधिसूचना की 100 प्रतियां आवश्यक कार्यवाही हेतु परिवहन अनुभाग–1 उत्तराखण्ड शासन, को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार)
अनु सचिव।

संख्या 63(1)/ XXVII(7)27(8)/2011 तददिनांकित।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1– परिवहन आयुक्त उत्तराखण्ड, देहरादून।
2– आयुक्त कुमाऊँ/गढ़वाल मण्डल, उत्तराखण्ड,।
3– समस्त जिलाधिकारी उत्तराखण्ड।
4– निजी सचिव, मा0 परिवहन मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार।
5– सम्बन्धित महानुभाव।
6– सचिव राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड।
7– एन0 आई0 सी0 सचिवालय परिसर, देहरादून।
8– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार)
अनु सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
परिवहन अनुभाग–1
संख्या– /ix-1 /246(2004)/2017
देहरादून, दिनांकः 20नवम्बर, 2017

अधिसूचना

मोटरयान अधिनियम 1988 (अधिनियम संख्या 59 वर्ष 1988) की धारा 68 की उपधारा (2) की सपठित उत्तराखण्ड मोटरयान नियमावली, 2011 के नियम 57 के उपनियम (8) (दो) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 68 की उपधारा (3) के अधीन निम्नानुसार सम्भागीय परिवहन प्राधिकरणों में कर्तव्यों के निर्वहन के लिए अधिसूचना के जारी होने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि हेतु गैर सरकारी सदस्य नामित करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

क0सं0	प्राधिकरण का नाम	नामित व्यक्ति का नाम एवं पता
1.	सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, अल्मोड़ा।	1– श्री हरीश सिंह नागरकोटी, ग्राम खड़ायत पो0 सिमलकोट, अल्मोड़ा। 2– श्री ललित चन्द्र पाण्डे, ग्राम व पो0 अभ्याडी, रानीखेत, अल्मोड़ा।
2.	सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, पौडी गढवाल।	1– श्री विक्रांत रावत, ग्राम–च्वींचा, थाना मौहल्ला पौडी गढ़वाल। 2– श्री राकेश कुमार डिमरी (राकुडी),c/o होटल स्वास्तिक, H.N.B. नगर कर्णप्रयाग, चमोली।
3.	सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, हल्द्वानी।	1– श्री रविन्द्र कर्नाटक, ग्राम सिलौटीपंत नैकुचियाताल, नैनीताल। 2– श्री दया किशोर जोशी, ग्राम एवं पो0 हरिपुरा बाजपुर ऊधमसिंह नगर।
4.	सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून।	1– श्री राजपाल सिंह, 468 आवास विकास कालोनी रूडकी, हरिद्वार। 2– श्री अनिल डबराल, 141 किशननगर देहरादून।

(डी0 सेन्थिल पाण्डियन)
सचिव।

संख्या 838(1)/ iX-1/56(2010)/2017
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1– परिवहन आयुक्त उत्तराखण्ड, देहरादून।
2– आयुक्त कुमाऊँ/गढ़वाल मण्डल, उत्तराखण्ड,।
3– समस्त जिलाधिकारी उत्तराखण्ड।
4– निजी सचिव, मा0 परिवहन मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार।

5— सम्बन्धित महानुभाव।
6— समस्त संभागीय परिवहन अधिकारी उत्तराखण्ड।
7— संयुक्त निदेशक, मुद्रण एवं लेखन साम्रगी राजकीय मुद्रणालय रूड़की जनपद—हरिद्वार को इस अनुरोध के साथ प्रेषित उक्त अधिसूचना को उत्तराखण्ड राज्य के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट—4 खण्ड (ख) में प्रकाशित करते हुए प्रकाशित अधिसूचना की 100 प्रतियां आवश्यक कार्यवाही हेतु परिवहन अनुभाग—1 उत्तराखण्ड शासन, को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
8— एन0 आई0 सी0 सचिवालय परिसर, देहरादून।
9— गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार)
अनु सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
परिवहन अनुभाग–1
संख्या– /110(2016)/ix-1/2017
देहरादून, दिनांकः 21दिसम्बर, 2017

अधिसूचना/शुद्धि पत्र

शासन की अधिसूचना संख्या– 839/ix-1/246(2004)/2017, दिनांक 20.11.2017 के द्वारा मोटरयान अधिनियम 1988 (अधिनियम संख्या 59 वर्ष 1988) की धारा 68 की उपधारा (2) की सपठित उत्तराखण्ड मोटरयान नियमावली, 2011 के नियम 57 के उपनियम (8) (दो) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 68 की उपधारा (3) के अधीन श्री हरीश सिंह नागरकोटी को सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, अल्मोड़ा में कर्तव्यों के निर्वहन के लिए अधिसूचना के जारी होने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि हेतु गैर सरकारी सदस्य नामित किया गया है।

2– उक्त अधिसूचना में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, अल्मोड़ा में नामित गैर सरकारी सदस्य श्री हरीश सिंह नागरकोटी का पता '' ग्राम खड़ायत पो0 सिमलकोट, अल्मोडा'' के स्थान पर '' ग्राम खड़ायत पो0 सिमलकोट, पिथौरागढ़'' पढ़ा जाय।

3– उक्त अधिसूचना दिनांक 20 नवम्बर, 2017 को केवल इस सीमा तक संशोधित समझा जाय।

(राजेश कुमार)
अनु सचिव।

संख्या 904/110(2016)/ix-1/2017 तददिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– परिवहन आयुक्त उत्तराखण्ड, देहरादून।
2– आयुक्त कुमाऊॅ/गढ़वाल मण्डल, उत्तराखण्ड,।
3– सम्बन्धित जिलाधिकारी।
4– निजी सचिव, मा0 परिवहन मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार।
5– सम्बन्धित महानुभाव।
6– समस्त संभागीय परिवहन अधिकारी उत्तराखण्ड।
7– संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूड़की हरिद्वार।
8– एन0 आई0 सी0 सचिवालय परिसर, देहरादून।
9– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार)
अनु सचिव।

कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड,
कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।

संख्या– अधि0/दो–29/2018 दिनांकः28 मार्च,2018

कार्यालय–ज्ञाप

उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम,2017 की धारा–5 में विहित प्राविधानानुसार परिवहन आयुक्त संगठन, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सुगम एवं दुर्गम कार्यालयों/चैकपोस्टों का चिन्हांकन निम्नवत किया जाता हैः–

क्र0सं0	जनपद का नाम	क्षेत्र में स्थापित कार्यालय एवं चैकपोस्ट का नाम	
		सुगम	दुर्गम
1	देहरादून	1– परिवहन आयुक्त कार्यालय, देहरादून। 2– सम्भागीय परिवहन कार्यालय, देहरादून। 3–उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, विकासनगर 4–उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, ऋषिकेश। 5– चैकपोस्ट, आशारोडी। 6– चैकपोस्ट, कुल्हाल। 7– चैकपोस्ट, तिमली।	1– प्रवर्तन दल, चकराता (तहसील–विकासनगर,कालसी,चकराता,त्यूनी)
2	हरिद्वार	1–उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, हरिद्वार। 2–उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रूडकी। 3– चैकपोस्ट, चिडियापुर। 4– चैकपोस्ट, नारसन। 5– चैकपोस्ट, गोवर्द्धनपुर। 6– चैकपोस्ट, भगवानपुर।	–
3	टिहरी	–	1– उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, टिहरी।
4	उत्तरकाशी	–	1– उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, उत्तरकाशी।
5	पौडी	1– उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, कोटद्वार। 2– चैकपोस्ट, कौडिया।	1– सम्भागीय परिवहन कार्यालय, पौडी। 2– प्रवर्तन दल, कोटद्वार (तहसील–कोटद्वार, लैन्सडाउन, यमकेश्वर एवं सतपुली)
6	रूद्रप्रयाग	–	1– उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रूद्रप्रयाग
7	चमोली	–	1– उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, कर्णप्रयाग।
8	नैनीताल	1– सम्भागीय परिवहन कार्यालय, हल्द्वानी। 2–उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रामनगर।	1– प्रवर्तन दल, नैनीताल (तहसील–नैनीताल,धारी,कोश्यांकुटौली, रामगढ़ तथा ओखलकांडा भीमताल एवं कोटाबाग विकासखण्ड) 2– प्रवर्तन दल, रामनगर

			(तहसील–रामनगर,विकासखण्ड सल्ट, भिकियासैंण, बेतालघाट)
9	उधमसिंहनगर	1–उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, काशीपुर। 2–उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, उधमसिंहनगर। 3– चैकपोस्ट, काशीपुर। 4– चैकपोस्ट, रूद्रपुर। 5– चैकपोस्ट, दोराहा (बाजपुर)। 6– चैकपोस्ट, मंझौला। 7– चैकपोस्ट, पुलभट्टा।	–
10	चम्पावत	1– उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, टनकपुर। 2– चैकपोस्ट, बनबसा।	1– प्रवर्तन दल, टनकपुर (तहसील–चम्पावत, लोहाघाट, पाटी, पूर्णगिरी एवं बाराकोट)
11	अल्मोडा	–	1– सम्भागीय परिवहन कार्यालय, अल्मोडा। 2– उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, रानीखेत।
12	बागेश्वर	–	1– उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, बागेश्वर।
13	पिथौरागढ़	–	1– उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय, पिथौरागढ़।

2– उक्त कार्यालय ज्ञाप परिवहन आयुक्त महोदय के अनुमोदनोपरान्त निर्गत किया जा रहा है।

(सुनीता सिंह)
अपर परिवहन आयुक्त
उत्तराखण्ड।

संख्या– 997(i)(1)/समदिनांकित्।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।
1– सचिव, परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2– मुख्यालय के समस्त अधिकारीगण।
3– समस्त सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
4– समस्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
5– समस्त परिवहन कर अधिकारी–1, उत्तराखण्ड।
6– समस्त प्रभारी परिवहन कर संग्रह केन्द्र, उत्तराखण्ड।
7– गार्ड फाईल।

(सुनीता सिंह)
अपर परिवहन आयुक्त
उत्तराखण्ड।

संख्या– 296 / ix-1 / 73(2015) / 2018

प्रेषक,

हरि चन्द्र सेमवाल,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

परिवहन अनुभाग–1 देहरादूनः दिनांक 23 मई, 2018

विषय– राज्य सड़क सुरक्षा परिवहन अनुसंधान एवं आधुनिकीकरण सैल (STRAM) हेतु सहायक निदेशक के 02 निःसंर्वीय पदों को निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक शासनादेश संख्या–759 / ix-1 / 2016 / 73 / 2015, दिनांक 29 अगस्त, 2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड के कार्यालय में '' राज्य सड़क सुरक्षा परिवहन अनुसंधान एवं आधुनिकीकरण सैल (STRAM)'' के गठन हेतु 01 पद सहायक निदेशक, सड़क सुरक्षा, वेतनमान रू0 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400 तथा 01 पद सहायक निदेशक, आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण, वेतनमान रू0 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400, कुल 02 निःसंवर्गीय पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गयी थी।

2– उक्त के क्रम में शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या–759 / ix-1 / 2016 / 73 / 2015, दिनांक 29 अगस्त, 2016 जिसके द्वारा उक्त सैल में सहायक निदेशक, सड़क सुरक्षा एवं सहयक निदेशक आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण के 01–01 पद सृजित किये गये थे, को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए सृजित पदों को समाप्त किया जाता है। अतः तद्नुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय

(हरि चन्द्र सेमवाल)
अपर सचिव।

संख्या / IX-1 / 34 / 2018 तद्दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार उत्तराखण्ड ओबेराय मोटर्स बिल्ड़िग, माजरा देहरादून।
2– निदेशक, कोषागार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3– वरिष्ठ कोषाधिकारी / कोषाधिकारी, देहरादून।
4– वित्त अनुभाग–2 / 7
5– आहरण वितरण अधिकारी, परिवहन आयुक्त कार्यालय, देहरादून।
6– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार)
अनु सचिव।